दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 79 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक । शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 । कार्तिक चतुर्थी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## आंध्र प्रदेश में जैसलमेर जैसा हादसा
# आग का गोला बनी बस, 20 यात्री जिंदा जले



बढ़ता राजस्थान

कुरनूल (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में शुक्रवार तड़के जैसलमेर जैसी दर्दनाक घटना सामने आई। बेंगलुरु जा रही यात्रियों से भरी एक निजी बस में अचानक आग लग गई। चिन्नातेकुर के पास हुई इस भीषण दुर्घटना में 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय बस में कुल 41 लोग सवार थे और अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। पुलिस के अनुसार, तड़के लगभग तीन बजे बस की टक्कर एक मोटरसाइकिल से हो गई। मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई और उसकी ईंधन टंकी से पेट्रोल लीक होने पर उठी चिंगारी ने बस को आग की लपटों में झोंक दिया। ज्यादातर शव बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान मुश्किल हो गई है। मृतकों में बाइक सवार भी शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को परिवहन, सड़क और राजस्व विभागों के अधिकारियों की एक समिति गठित की, जो यहां एक बस में भीषण आग लग जाने की घटना की जांच करेगी।

### जैसलमेर बस हादसा
### एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी आग

जैसलमेर में चलती बस में लगी आग एसी सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस भीषण अग्निकांड में 26 लोगों की मौत हो गई थी। हादसा 14 अक्टूबर को हुआ था, जब जैसलमेर से जोधपुर जा रही निजी बस रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद आग की लपटों में घिर गई। फोरेंसिक जांच में विस्फोटक या पटाखों की मौजूदगी से इनकार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आग छत पर लगी एसी यूनिट की खराब वायरिंग से शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि सामान रखने वाले कंपार्टमेंट में मिले पटाखे पानी में भीगे हुए थे और उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं था।

## केंद्रीय रक्षामंत्री का तनोट माता मंदिर का दौरा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** केंद्रीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास के दौरान शुक्रवार को विश्वविख्यात तनोट राय माता मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसww अवसर पर उनके साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं बैटल एक्स कमांडर मेजर जनरल आशीष खुराना भी उपस्थित रहे। रक्षामंत्री का मंदिर परिसर में सीमा सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक जतिंदर सिंह बिन्जी, समादेष्टा नीरज शर्मा एवं सहायक समादेष्टा विकास नारायण सिंह ने स्वागत किया। सिंह ने तनोट माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया एवं मंशा माता मंदिर के समीप स्थित खेजड़ी वृक्ष पर मनोकामना पूर्ति के लिए रुमाल बांधा।

## भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोंक पर व्यापार समझौते नहीं करता : पीयूष गोयल

**बर्लिन डायलॉग (एजेंसी)।** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में या सिर पर बंदूक तानकर व्यापार समझौते नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका सहित अन्य देशों व क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में या बंदूक की नोक पर व्यापार समझौते नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका सहित अन्य देशों व क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। जर्मनी में आयोजित बर्लिन डायलॉग के दौरान बोलते हुए पीयूष गोयल ने कहा कहा, "हम यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। हम अमेरिका से बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करते और न ही हम कोई समय सीमा तय करके या बंदूक की नोंक पर कोई समझौता करते हैं।"

## DU से निकलकर विज्ञापन की दुनिया में छाए पीयूष पांडे का हुआ निधन



**नई दिल्ली।** विज्ञापन जगत के दिग्गज पद्मश्री पीयूष पांडे फेविकोल को एक इमोशन बनाया, चॉकलेट से खुशियों की मिठास घोली और हर दीवार को बोलना सिखाया। अब वे हमारे बीच नहीं रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापन के क्षेत्र में कदम रखा। एडमैन ऑफ इंडिया के तौर पर अपनी पहचान बनाई। उनके विज्ञापनों ने लोगों को दिल को ऐसे छुआ कि 'मिले सुर मेरा तुम्हारा', 'हमारा बजाज', 'ये फेविकोल का मजबूत जोड़ है टूटेगा नहीं' जैसे टैगलाइन आज भी जुबां पर हैं।

### बिहार में प्रधानमंत्री का चुनावी अभियान शुरू, महागठबंधन को बताया "महालठ्ठबंधन"
# जमानत पर छूटे हुए लोगों पर बिहार की जनता को भरोसा नहीं: प्रधानमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए विपक्षी महागठबंधन पर तीखा हमला बोला और इसे "महालठ्ठबंधन" करार दिया। उनके लोग आपस में ही लड़ रहे हैं। लाठियां भांज रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) इस बार सभी चुनावी रिकॉर्ड तोड़ देगा। राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन दलों के नेता "सबसे भ्रष्ट और जमानत पर छूटे हुए लोग" हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि "इंडिया" गठबंधन के नेता अहंकारी हैं, जो झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) जैसे सहयोगियों की अनदेखी कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि वीआईपी को उचित सीटें नहीं दी गईं और उसके संस्थापक मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का झूठा वादा किया गया। तेजस्वी यादव पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा कि "बिहार के लोग उन पर भरोसा नहीं कर सकते जो जमानत पर हैं।" बता दें कि बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होगा, जिसके नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

### 'राजद वालों ने केवल अपने बेटे-बेटियों का भविष्य बनाया'

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद वालों ने केवल अपने बेटे-बेटियों का भविष्य बनाया। बिहार के लाखों नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। एक समय था जब बेगूसराय देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक था। 60 के दशक में यहां फैक्ट्रियां लगीं, रोजगार के अवसर बढ़े लेकिन फिर क्या हुआ? जंगलराज आ गया। फैक्ट्रियों पर ताला लगा दिया गया। जंगलराज ने बिहार के भविष्य को अधर में लटका दिया। एनडीए सरकार के लिए विकास सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसलिए हमलोगों ने सबसे पहले बिहार को जंगलराज से मुक्त किया।

## राजस्थान में 3 बड़े नगर निगमों में प्रशासक नियुक्त

### 17 दिन पहले ही आदेश जारी; अब अधिकारी चलाएंगे शहरी सरकार

बढ़ता राजस्थान

राजस्थान की भजनलाल सरकार ने जयपुर, जोधपुर और कोटा के नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इन तीनों शहरों के नगर निगमों का कार्यकाल 9 नवंबर 2025 को समाप्त होने जा रहा है। इसके बाद नए निर्वाचित बोर्ड के गठन तक संबंधित संभागीय आयुक्तों को प्रशासक के रूप में शहरी सरकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस निर्णय से शहरी प्रशासन में निरंतरता सुनिश्चित होगी, लेकिन कई जनता के काम भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

### जयपुर में पूनम को सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम को जयपुर हेरिटेज और ग्रेटर नगर निगम का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी तरह, जोधपुर और कोटा के संभागीय आयुक्तों को भी उनके संबंधित नगर निगमों का प्रशासक बनाया गया है। सरकार ने इन तीनों शहरों के नगर निगमों को एकीकृत करने का निर्णय लिया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक नए बोर्ड का गठन नहीं हो जाता।नगर निगमों के बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पार्षदों और मेयर का कार्यकाल भी खत्म हो जाएगा।



## सम्पादकीय

# एक और बस में आग, देश में भगवान भरोसे है सार्वजनिक सुरक्षा

अपने देश में सार्वजनिक परिवहन कितना अधिक जोखिम भरा है, इसका प्रमाण है दस दिनों के अंदर दो एसी बसों में आग लगने से 45 से अधिक यात्रियों की मौत। पहली दुर्घटना में 14 अक्टूबर को जैसलमेर से जोधपुर जा रही एसी बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से 26 यात्री मारे गए। इस भयावह दुर्घटना की जांच में पता चला कि बस की बनावट में कई नियमों का उल्लंघन किया गया था। दूसरी घटना गत दिवस आंध्र प्रदेश में हुई। यहां हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एसी बस में आग लगने से 20 बस यात्री मारे गए। इस दुर्घटना का कारण यह बताया जा रहा है कि बस के नीचे एक मोटर साइकिल आ गई। इससे उसका फ्यूल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हैरानी नहीं कि इस दुर्घटना के पीछे भी बस के रखरखाव में कमी और उसकी सही तरह सुरक्षा जांच न किया जाना निकले। दर्जनों लोगों के लिए काल बनीं दोनों एसी बसें निजी कंपनियों की थीं। यह मानकर तो चला जा सकता है कि उनके संचालन की अनुमति देने के पहले उनकी फिटनेस जांची गई होगी, लेकिन यह कहना कठिन है कि इसके नाम पर खानापूरी नहीं की गई होगी। इसके आसार भी कम हैं कि इसकी ढंग से पड़ताल की गई होगी कि उनमें सुरक्षा के उपयुक्त उपाय हैं या नहीं? यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़ी संख्या में निजी बजें खस्ताहाल होती हैं। कई बार तो उनके चालक भी



अकुशल होते हैं। एसी बसों के आपातकालीन द्वार तो इस हाल में होते हैं कि उन्हें मुश्किल से ही खोला जा सकता है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि दोनों बस दुर्घटनाओं में यात्रियों के मारे जाने पर शीर्ष स्तर के नेताओं ने संवेदना व्यक्त की और दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश दिए गए, क्योंकि ऐसा हर बड़े हादसे के बाद किया जाता है और नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। अभी तक का अनुभव यही बताता है कि भीषण से भीषण बस दुर्घटनाओं से भी कोई सबक नहीं सीखा जाता। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन किसी की प्राथमिकता में है ही नहीं। इसी कारण आए दिन सार्वजनिक परिवहन के सरकारी या फिर निजी साधन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। प्रायः इन दुर्घटनाओं में हुई जनहानि को विधि का विधान मान लिया जाता है और अफसोस जताकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। यह और कुछ नहीं, चलता है वाला रवैया है। इस रवैये के कारण ही सार्वजनिक सुरक्षा के हर पहलू की उपेक्षा होती है। सार्वजनिक और खासकर सडक़ सुरक्षा में सतर्कता की कमी से होने वाले हादसे अनगिनत लोगों की जान ही नहीं लेते, बल्कि देश की बदनामी भी कराते हैं। वे यह भी बताते हैं कि विकसित बनने के आकांक्षी देश में किस तरह सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 25 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1415 - इंग्लैंड ने उत्तरी फ्रांस में एजिनकोर्ट की लड़ाई जीती।
- 1812 - युद्ध के दौरान अमेरिका फ्रिगेट यूनाइटेड स्टेट्स ने ब्रिटिश पोत मैसिडोनिया पर क़ब्ज़ा कर लिया।
- 1917 - बोल्शेविक (कम्युनिस्टों) व्लादिमीर इलिच लेनिन ने रूस में सत्ता हथिया ली।
- 1924 - भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया।
- 1951 - भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।
- 1962 - अमेरिकी लेखक जॉन स्टीनबेक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 1964 - अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक 'विजयंत' का निर्माण किया गया।
- 1971 - संयुक्त राष्ट्र महासभा में ताइवान को चीन में शामिल करने के लिए मतदान हुआ।
- 1995 - तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।
- 2000 - अंतरिक्ष यान डिस्कवरी (यू.एस.ए.) 13 दिन के अभियान के बाद सकुशल वापस।
- 2005 - ईराक में नये संविधान को जनमत संग्रह में बहुमत के साथ मंजूरी मिली।
- 2007 - तुर्की के युद्ध विमानों ने उत्तरी इराक के पहाड़ी कुर्दिस्तान क्षेत्र में भारी बमबारी की। मध्य इण्डोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में माउंट सोपुटान ज्वालामुखी फटा।
- 2008 - सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री नर बहादुर भंडारी को छह माह की सज़ा सुनाई गई।
- 2009 - बगदाद में बम धमाकों से 155 लोगों की मौत तथा 721 घायल।
- 2012 - क्यूबा और हैती में 'सैंडी' तूफान से 65 लोगों की मौत तथा आठ करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।
- 2013 - नाइजीरिया में सेना ने आतंकवादी संगठन बोको हराम के 74 आतंकवादियों को मार गिराया।

## विशेष आलेख

# क्या सिद्धारमैया शिवकुमार के बजाय जारकीहोली को अपना उत्तराधिकारी बनायेंगे?



रामस्वरूप रावतसरे

कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल मच गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे और एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया के एक बयान ने पूरे राज्य में सियासी तापमान बढ़ा दिया है। यतींद्र ने कहा कि उनके पिता अब राजनीति के आखिरी दौर में हैं और 2028 का चुनाव नहीं लड़ेंगे। इतना ही नहीं, यतींद्र ने यह भी कहा कि सिद्धारमैया की विरासत आगे लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली को संभालनी चाहिए। इस बयान ने कॉन्ग्रेस में नए समीकरणों की चर्चा तेज कर दी है, खासकर तब जब डीके शिवकुमार पहले से ही सिद्धारमैया के बाद मुख्यमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार माने जाते हैं।

कर्नाटक में कॉन्ग्रेस सरकार बनने के बाद से ही सत्ता में 'ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री' फॉर्मूले की चर्चा चल रही है। माना जाता है कि सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच समझौता हुआ था कि दोनों आधा-आधा कार्यकाल संभालेंगे। लेकिन अब यतींद्र का बयान इस राजनीतिक समझौते पर नए सवाल खड़े कर रहा है।

राज्य की राजनीति पहले ही मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर दो खेमों में बँटी हुई थी। एक तरफ सिद्धारमैया का 'आहिंदा गुट' और दूसरी तरफ शिवकुमार का 'वोक्कालिगा गुट'। यतींद्र के बयान ने इन दोनों गुटों के बीच तनाव और गहराने का संकेत दे दिया है।

जानकारी के अनुसार यतींद्र सिद्धारमैया ने एक कार्यक्रम में कहा कि उनके पिता अब अपने राजनीतिक जीवन के आखिरी पड़ाव पर हैं और 2028 का चुनाव नहीं लड़ेंगे। यतींद्र ने कहा, मेरे पिता को अब सतीश जारकीहोली जैसे नेताओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। वे मजबूत विचारधारा और सामाजिक न्याय की राजनीति में यकीन रखते हैं। यतींद्र ने आगे कहा, सतीश जारकीहोली में निश्चित रूप से मेरे पिता की जगह लेने की क्षमता है। वे अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इस बयान ने ऐसा माहौल बना दिया जैसे सिद्धारमैया अपने उत्तराधिकारी का नाम खुद तय कर चुके हों, जिससे डीके शिवकुमार की दावेदारी पर सीधा असर पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार, सतीश जारकीहोली इस समय कर्नाटक के लोक निर्माण मंत्री हैं। वे उत्तर कर्नाटक के बेलगावी जिले के यमकनमर्दी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। 63 वर्षीय जारकीहोली अनुसूचित जाति के वाल्मीकि समुदाय से आते हैं और लंबे समय से सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के हक की लड़ाई लड़ते रहे हैं। वे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 'आहिंदा' (अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और दलित) गठबंधन के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। इस गठबंधन की राजनीति ही सिद्धारमैया की सबसे बड़ी ताकत बताई जा रही है।

सतीश जारकीहोली राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली परिवार से हैं। उनके भाई रमेश जारकीहोली पहले कॉन्ग्रेस में थे, लेकिन 2018 में भाजपा में चले गए और मंत्री बने। वहीं, उनकी बेटी प्रियंका जारकीहोली कॉन्ग्रेस की सांसद हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सिद्धारमैया गुट किसी ऐसे नेता को आगे बढ़ाना चाहता है जो उनकी विचारधारा और सामाजिक एजेंडे को आगे ले जा सके। जारकीहोली इस प्रोफाइल में पूरी तरह फिट बैठते हैं।

यतींद्र के बयान के बाद पत्रकारों ने जब डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार से सवाल किया, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। शिवकुमार ने कहा, सिद्धारमैया हमारे नेता हैं। वे पूरा कार्यकाल मुख्यमंत्री रहेंगे। पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। जो भी फैसला होगा, वह हाईकमान लेगा।

शिवकुमार का यह बयान यह दिखाने की कोशिश थी कि वे आलाकमान के प्रति वफादार हैं और जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहते। हालाँकि, कॉन्ग्रेस के अंदर यह माना जा रहा है कि यतींद्र का बयान कहीं न कहीं शिवकुमार गुट के लिए 'राजनीतिक चेतावनी' की तरह है। बयान पर विवाद बढने के बाद यतींद्र सिद्धारमैया ने सफाई दी। यतींद्र ने कहा कि उनका मतलब मुख्यमंत्री बदलने या किसी को हटाने से नहीं था। उन्होंने कहा, नेतृत्व परिवर्तन की बात गलत है। मैंने सिर्फ इतना कहा था कि कॉन्ग्रेस को विचारधारा वाले नेताओं को आगे बढ़ाना चाहिए। मेरे पिता 2028 तक एक्टिव रहेंगे और पूरा कार्यकाल पूरा करेंगे।

यतींद्र ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है। अगर कभी बदलाव होता है तो वह फैसला पार्टी आलाकमान और विधायक मिलकर लेंगे। यतींद्र की यह सफाई तो आई, लेकिन तब तक राजनीतिक हलकों में यह चर्चा शुरू हो चुकी थी कि सिद्धारमैया गुट भविष्य की तैयारी कर रहा है।

जानकारों के अनुसार डीके शिवकुमार लंबे समय से मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं। वे कर्नाटक के शक्तिशाली वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं और दक्षिण कर्नाटक में उनका मजबूत जनाधार है। कॉन्ग्रेस की सरकार बनने से पहले भी उन्होंने सिद्धारमैया को समर्थन देने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन अब वे उम्मीद कर रहे थे कि 2025 के बाद उन्हें सीएम बनने का मौका मिलेगा। यतींद्र का यह बयान इस उम्मीद पर पानी फेरने जैसा है। सिद्धारमैया गुट का झुकाव किसी दलित नेता की ओर दिखाना यह संकेत है कि सत्ता का संतुलन बदल सकता है।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अगर सिद्धारमैया जारकीहोली को आगे बढ़ाते हैं, तो वे अपने 'आहिंदा वोट बैंक' को मजबूत रखना चाहेंगे, जबकि शिवकुमार का आधार मुख्य रूप से दक्षिणी जिलों में सीमित है।

जानकारों के अनुसार 'आहिंदा' शब्द कन्नड़ के तीन शब्दों से बना है- अल्पसंख्यक (ए), हिंदू पिछड़ा वर्ग (एचआई), और दलित (डीए)। इस मॉडल की सोच सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री देवराज उर्स ने दी थी, लेकिन इसे आधुनिक दौर में सिद्धारमैया ने मजबूत किया। उनकी राजनीति का फोकस सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता रहा है। सतीश जारकीहोली उसी राजनीतिक विचारधारा से आते हैं। वे लगातार सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं और सिद्धारमैया के करीबी नेताओं में शामिल हैं। इसलिए जब यतींद्र ने उन्हें 'अगला मुख्यमंत्री' बताया, तो इसे सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संकेत माना गया।

# बचपन बिक रहा है: बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

*समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है।*



डॉ प्रियंका सौरभ

हमारे समाज में बच्चों का बचपन उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है। उनका खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में पनपना ही उनका अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे शहरों और बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं, और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखाकर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है, और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं। भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24&7 बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं।

> मासूम बच्चों का शोषण समाज की गंभीर समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना केवल गरीबी का नतीजा नहीं, बल्कि बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने वाला व्यवस्थित व्यवसाय है। लोग दया के भाव में पैसा देते हैं, जबकि बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित होते हैं। समाज, सरकार और नागरिकों को मिलकर जागरूकता फैलानी चाहिए, चाइल्डलाइन (1098) और एनजीओ के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, और उन्हें शिक्षा व सुरक्षित वातावरण देना प्राथमिकता बनानी चाहिए। बचपन बच्चों का अधिकार है, किसी का व्यवसाय नहीं।

## लघुकथा- छिपकली

बढ़ता राजस्थान



'चुप रहो! बी टेक कर रही हो और बातें देखो! जो ख़ुद छुपती है सबसे उससे क्या डरना? छिपकली बहुत डरपोक होती है, बस हट हट करो, भाग जाती है!..' दो साल में काफ़ी बदल गई हो शुभि! स्मार्ट, ब्यूटीफुल एंड कॉन्फिडेंट...याद है उमा, ये पहले कीड़े-मकौड़े देखकर कैसे डर जाती थी, चिल्लाने लगती थी. फूफाजी ये कहते हुए हंसने लगे.

डर नहीं फूफाजी, मुझे घिन आती थी. और पता है बुआ! अभी भी ना छिपकली को देखकर वैसा ही होता है... फोबिया है. आंखें बंद होने लगती हैं. गंदा सा लगने लगता है... बहुत पसीना आता है... मैं बोलते हुए भी घबरा गई। बुआ ने मुझे डांटा, चुप रहो! बी टेक कर रही हो और बातें देखो! जो ख़ुद छुपती है सबसे उससे क्या डरना? छिपकली बहुत डरपोक होती है, बस हट हट करो, भाग जाती है! अच्छा, मुझे अस्पताल जाना है, एक इमरजेंसी डिलीवरी है.? सुबह मिलते हैं, कल दिल्ली घूमेंगे. तुम्हें तो परसों वापस जाना है ना!आधी रात को लगा मेरे बिस्तर पर कोई है! मैं हड़बड़ाकर बैठ गई, आप? यहां...फूफाजी नशे में धुत्त थे. उनकी आवाज़ लडख़ड़ा रही थी,मैंने सोचा, तुम अकेले सोने में डर रही होगी... प्लीज़... मुझे घिन आ रही थी. पसीने से तर-बतर, आंखें बंद हो रही थीं... पूरी ताकत इक_ा करके मैं चिल्लाई, निकलिए कमरे से.. तुरंत, अभी... हट हट.. हट.. वो जा चुके थे। मैंने फटाक से चिटकनी लगाई।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# आपके मुंह से भी आती है गंदी बदबू? अपनाए घरेलू उपाय

अक्सर मुंह से बदबू आने की समस्या की वजह से लोग शर्मिंदा तो महसूस करते ही हैं, साथ हीआत्मविश्वास की कमी भी आने लगती है। मुंह से बदबू आने की समस्या के पीछे कई वजह हो सकती है। इनके पीछे तंबाकू का सेवन करना, ठीक से ब्रश न करना या फिर शराब पीना आदि जैसे बहुत से कारण हो सकते हैं। डॉ. श्रीराम नेने ने इस समस्या की वजह और इलाज के बारे में बताया। अगर आप भी इस समस्या के चलते रोजमर्रा में परेशानी झेलते हैं, तो हम आपको भी यह आर्टिकल पढऩा चाहए- मुंह से बदबू आने की वजह डॉ. नेने ने मुंह से बदबू आने की कुछ वजह भी बताई- - जब हम सांस छोड़ते हैं तो ऐसे में मुंह के जरिए वॉलेटाइल सल्फर कंपाउंड निकलता है, जो मुंह से आने वाली बदबू का कारण बनता है। - इसके अलावा कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ भी है जिसमें बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जो मुंह और दांतों के बीच मौजूद गैप में जाकर फंस जाते हैं, जिस कारण भी मुंह से बदबू आना शुरु होती है। - ठीक तरीके से ब्रश नहीं करने से भी मुंह और सांस लेने के दौरान बदबू आ सकती है।

**ऐसे दूर करें मुंह की बदबू :** मुंह की बदबू दूर करने के लिए दिनभर में दो बार ब्रश करें। इससे दांतों में फंसा खाना आसानी से निकलता है, जो सल्फर को दूर करता है। - इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इससे मुंह में सलाइवा बना रहता है, जो मुंह को साफ रखता है और बदबू को कम करने में भी मददगार साबित होता है। - खाने का सही चुनाव करें। कई बार प्याज और लहसुन ज्यादा खाने से वॉलेटाइल सल्फर ज्यादा बनते हैं, जिससे बदबू आ सकती है। इसलिए इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। - ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें साथ ही साथ धूम्रपान कम करें। ऐसा करने से मुंह में हजारों कंपाउंड्स बनते हैं, जो मुंह से बदबू आने को और भी ज्यादा बढ़ा सकते हैं।

**मुंह की बदबू अक्सर इन समस्याओं से भी होती है जुड़ी :** कुछ लोग मुंह से आने वाली बदबू को नजरअंदाज करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आप पूरी मेहनत व लग्न से कामों में जुटेंगे, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और संतान की संगति पर आप थोड़ा ज्यादा ध्यान दें। काम को लेकर बाहर आना जाना लगा रहेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए जीवन स्तर में सुधार लेकर आएगा। ऑफिस में आपको काम को लेकर अपने जूनियर से कोई मदद लेनी पड़ सकती है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन कोई पेट संबंधित समस्या आएगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, क्योंकि आपके लाभ के रास्ते खुलेंगे और आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। आपको फालतू के मामले में बोलने से बचना होगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों में यदि कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए कमजोर रहेंगे। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर कंट्रोल करने की आवश्यकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कामों में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आपकी कुछ निकटतम लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**तुला**
आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है, इसलिए आप अपने कामों पर ही फोकस करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आप अपने बिजनेस की योजनाएं को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था तो उसके आपको मिलने की संभावना है और प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। माता-पिता से आपको पारिवारिक मामले को लेकर बातचीत करनी होगी।

**मकर**
व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज दिन बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

**कुंभ**
आज आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी और नौकरी में भी कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। आप अपने परिवार में किसी सदस्य की ओर वादे को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना न रखे।

## राजस्थान के सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे पहनेंगे एक जैसी यूनिफॉर्म



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे कुछ समय बाद एक जैसी यूनिफार्म पहने नजर आएंगे। इसको लेकर राज्य सरकार का शिक्षा विभाग अगले कुछ दिनों में अधिकारिक आदेश जारी करने की तैयारी कर रहा है। प्रदेश के शिक्षामंत्री मदन दिलावर का मानना है कि एक समान यूनिफार्म पहनने से विद्यार्थियों में भेदभाव की भावना नहीं रहेगी। शिक्षामंत्री ने एक समान यूनिफार्म का फार्मूला लागू करने लिए निजी स्कूल संचालकों के बीच सहमति बनाने को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि सरकारी और निजी स्कूलों में एक समान यूनिफार्म की व्यवस्था किसी अन्य राज्य में लागू नहीं है। राजस्थान में इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। शिक्षामंत्री का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव को खत्म करने, गरीब परिवारों के बच्चों में हीन भावना को कम करने एवं अमीरी-गरीबी के फर्क को कम करने में मदद मिलेगी। सबसे पहले यह नियम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत संचालित स्कूलों में लागू किया जाएगा।

स्कूल संचालकों की आपसी सहमति से कोई एक यूनिफार्म चुनने को लेकर सहमति बनाने को लेकर शीघ्र कसरत शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों को 800 रुपए नकद यूनिफार्म एवं स्कूल बैग के लिए देती है। यह सुविधा कक्षा एक से 12वीं तक पढने वाले विद्यार्थियों को दी जाती है। यह रकम विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधी हस्तांतरित की जाती है।

## मूंगफली सहित कई जिंसे आई बिकने के लिए, कृषि मंडी में व्यापार पुनः हुआ शुरू



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** दीपावली त्यौहार के बाद 7 दिन बाद कृषि मंडी में व्यापार पुनः शुरू होने के साथ ही करीब 5000 मूंगफली के कटटे बिकने के लिए पहुंचे। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि दीपावली के त्यौहार को लेकर कृषि मंडी में 17 से 23 अब्टूबर तक व्यापार बंद रहा। शुक्रवार को शुभ मुहुर्त में लक्ष्मीनारायण मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद व्यापार पुनः शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि मूंगफली 3500 से 5000, सरसों 6700 व बाजरा का भाव 2600 रूपए रहा। इस दौरान व्यापारियों ने जिंसो की बोली लगाई। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, आदित्य कटारिया, शिवप्रकाश पारीक, ओमप्रकाश कोलाडा, कमल पहाडी, अमित कटारिया, संजय भाणजा, रामअवतार घाटी, केदार खंडेलवाल, रवि अग्रवाल, मुरारीलाल पण्डा, राजेन्द्र चौधरी, सुरेश माधोराजपुरा, राहुल बोहरा, पवन चंवरिया, दीपक गुप्ता, गोपेश टोडवाल व विशाल गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

## मीणा छात्रावास में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** दीपावली मिलन समारोह का आयोजन मीणा छात्रावास में किया गया। छात्रावास अध्यक्ष रामकरण मीणा ने बताया कि जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अंडरग्राउंड वह प्रथम मंजिल पर टाइल्स लगाई जाएगी, इसकी खुली बोली लगाकर ठेका दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी बाबूलाल मीणा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कन्हैया लाल मीणा, आसाराम मीणा, किशनलाल मीणा, रामदेव मीणा आरडी डाबड़दुम्बा, मुखलेश मीणा साखना, भागीरथ मीणा, रमेश चंद, दामोदर लाल मीणा, हेमराज मीणा, कमलेश मीणा आदि मौजूद थे।

## भाई दूज का त्योहार मनाया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** हाऊसिंग बोर्ड कालोनी वेलफेयर सोसायटी के हाऊसिंग बोर्ड में भाई दूज का त्योहार मनाया गया, जिसमें भाई-दूज का यह पूर्व भाई-बहिन के अटूट रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। बहनों द्वारा तिलक एवं आरती के साथ किए गए पूजन से घर-परिवार में प्रेम, एकता एवं मंगलकामना का संदेश प्रसारित होता है। बहिन गरिमा विजयवर्गीय ने अपने भाई हर्षित विजय के मोली बांधकर, मिठाई खिलाकर तिलक लगाया गया। कार्यक्रम में सोयायटी संयोजक अशोक कुमार गांधी, हनुमान जागिंड़, बाबूलाल शर्मा, श्यामबाबू नामा, केदार मेहरवाल, भागचन्द विजय, मन्जू गांधी, राजकुमारी शर्मा, राजेश विजय एवं रामनरेश आदि मौजूद थे।

## रैगर महासभा की बैठक कल मालपुरा में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा जिला शाखा टोंक की बैठक 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे बाबा रामदेव मंदिर शास्त्री नगर रेल्वे स्टेशन मालपुरा में आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष शंकर लाल हाथीवाल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 की विभिन्न व्यवस्थाओं, मालपुरा में महासभा आपके द्वार कार्यक्रम संचालन एवं महासभा के अधिक से अधिक सदस्य बनाये जाने आदि बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय करने को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी।

**कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक**

# समन्वय, स्वच्छता और सतत सुधार पर फोकस करें :राजेश यादव

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)** । पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव की अध्यक्षता एवं जिला कलक्टर कानाराम की उपस्थिति में शुक्रवार को सवाई माधोपुर में पर्यटन विकास, सुरक्षा और सुविधाओं के विषय में कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सवाई माधोपुर राजस्थान का गौरव है यहां का रणथम्भौर दुर्ग, रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव अभयारण्य और स्थानीय संस्कृति वैश्विक स्तर पर राजस्थान की पहचान हैं।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के माध्यम से सवाई माधोपुर को नए अवसर मिले हैं, जिनका लाभ उठाते हुए होटल, वन एवं पर्यटन विभाग को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने होटल संचालकों के साथ संवाद किया। बैठक में आरटीडीसी से सम्बद्ध होटलों को स्थायी सफारी केंटर सुविधा प्रदान करने, रणथम्भौर रोड पर वॉकिंग ट्रैक, सार्वजनिक पार्किंग स्थल, प्रकाश व्यवस्था और नो-पार्किंग जोन बनाने के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में खंडार किले, कुशल झील, चौथ माता मंदिर, शिल्पग्राम और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि रणथम्भौर रोड, चौथ माता, सूरवाल बांध, शिल्पग्राम, पालीघाट, रामेश्वर घाट जैसे स्थलों के विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि पर्यटकों को टाइगर सफारी के साथ अन्य आकर्षक पर्यटन अनुभव भी मिल सकें।

उन्होंने कहा कि रणथम्भौर के पर्यटक फोटो और वीडियो को राजस्थान पर्यटन के सोशल मीडिया हैंडल्स पर साझा किया जाए, जिससे सवाई माधोपुर की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हो। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए साइबर फ्रॉड रोकथाम हेतु आधिकारिक मोबाइल एप से सफारी बुकिंग की व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया।

**पर्यटन संस्कृति का प्रतिबिंब: राजेश यादव :** प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि पर्यटन केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, सुरक्षा और संवेदनशीलता का प्रतिबिंब है। सवाई माधोपुर आने वाला हर पर्यटक यहां की सुंदरता के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी और व्यवस्था का अनुभव करे, यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, मुख्य वन संरक्षक रामानंद भाकर, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, डीसीएफ प्रमोद धाकड़, पुरातत्व विभाग के अरविंद कुमार सहित वन विभाग, पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारी एवं होटल एसोसिएशन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के शक में 80 किमी तक कंटेनर का किया पीछा, लेकिन नहीं मिली शराब

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** आबकारी थाना पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने का शक होने पर करीब 80 किलोमीटर तक पीछा कर टोंक सवाई माधोपुर रोड पर स्थित टोल नाके पर एक कंटेनर को पकड़ लिया। कंटेनर में डिजिटल लॉक होने के कारण पुलिस उसका दरवाजा नहीं खोल पाई। बाद में चालक से कोड डलवा कर कंटेनर का गेट का खोला और तलाशी ली। लेकिन कंटेनर में ऑनलाइन पार्सल का सामान भरा हुआ मिला।

आबकारी थानाधिकारी रामकृष्ण मीणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि जयपुर की ओर से कंटेनर आ रहा है जिसमें जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। पुलिस ने पीओ अशोक कुमार के नेतृत्व में थानाधिकारी रामकृष्णमीणा, जमादार सुरेंद्र जाखड़, सिपाही पृथ्वी सिंह, गिरवर सिंह, मनोहर सिंह, हरद्वारी मेघवंशी व बाबूलाल गुंसी चौकी पर पहुंचकर कंटेनर को रुकवाया। लेकिन चालक उसे भगाकर ले गया। पुलिस ने उसका पीछा किया। कंटेनर चालक कंटेनर चालक तेज गति से चलाते हुए बरोनी, टोंक, घांस, ककोड़, उस्मानपुरा व गुमानपुरा के नाकों को पार करते हुए सवाई माधोपुर-उनियारा रोड पर स्थित टोल प्लाजा रुका जहां आबकारी पुलिस ने पहुंचकर उसे पकड़ लिया। पुलिस कंटेनर को निवाई में 80 फीट रोड पर स्थित आबकारी थाने पर लेकर आई। उन्होंने बताया कि कंटेनर डिजिटल लॉक होने के कारण खुल नहीं पाया। इसके बाद चालक से कोड लगवा कर कंटेनर का दरवाजा खोला और उसकी तलाशी ली। कंटेनर में अवैध शराब नहीं पाई गई। बल्कि ऑनलाइन सामान के पार्सल भरे हुए थे। इससे आबकारी पुलिस की मेहनत बेकार हो गई।

## राग-द्वेष और मोह से मुक्त होने पर ही सच्चा सुख मिलेगा-मुनि हितेंद्र सागर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** वात्सल्य वारिधी पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर संघ सहित टोंक के उपनगर आदर्श नगर में 34 साधु सहित विराजित है । मुनिसुब्रतनाथ नवग्रह जिनालय में नगर के बालक-बालिकाओं का संस्कार शिविर का शुभारंभ आचार्य वर्धमान सागर सानिध्य में हुआ । संस्कार शिविर के अंतर्गत सभी को देव दर्शन की विधि, अभिषेक की क्रियाएं तथा पूजन के बारे में जानकारी देकर सभी से अभिषेक पूजन कराया गया। संस्कार शिविर में सभी उम्र के अनेक बालक-बालिकाएं उत्साह से भाग ले रही है, सभी शिविरार्थियों को कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुनि हितेंद्र सागर महाराज ने कर्मबंध पर विवेचना कर उपदेश में बताया कि कर्मबंध मोह, राग, द्वेष के कारण होता है, इसलिए कर्मबंध से बचना चाहिए । भगवान पाश्र्वनाथ की प्रतिमा यही संदेश देती है कि सभी को इंद्रिय संयम रखना चाहिए, घर पर भी आप रहे तो यही चिंतन रखें सुख प्राप्त करने की राह में मोह राग द्वेष हमारे शत्रु हैं, इनके बंधन से मुक्त होने पर ही हमें सच्चा सुख प्राप्त होगा । राजेश पंचोलिया एवं प्रवक्ता गजराज लोकेश ने बताया कि मुनि ने अपने प्रवचन में पाश्र्वनाथ भगवान की पूर्व पर्याय मरुभूति ओर कमठ के माध्यम से बताया कि एक भाई के उपसर्गों को समता से सहन कर दूसरा भाई भगवान बन गया। आदर्श नगर के भगवान पाश्र्वनाथ आदर्श तीर्थंकर थे।उनकी प्रतिमा अत्यंत ही मनमोहक है। भगवान की प्रतिमा दर्पण हैं, उनकी प्रतिमा यही संदेश देती हैं कि जिसने स्वयं को जान लिया, वहीं दूसरे को जान सकता है। आदर्श नगर समाज के अध्यक्ष पारसमल फुलेता, मंत्री संजय संघी एवं कोषाध्यक्ष अध्यक्ष महावीर ने बताया कि आचार्य की प्रेरणा उपदेश से प्रभावित होकर गजराज लोकेश ने आजीवन शुद्ध जल ग्रहण करने का नियम लिया ।

## 30 वर्षों के इंतजार के बाद मिला स्वामित्व पट्टा, खुशियों से झिलमिला उठा चकेरी परिवार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** ग्राम पंचायत चकेरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 ने एक बार फिर आमजन के जीवन में खुशियों की किरण जगाई। शुक्रवार को हुए इस शिविर में जयनारायण पुत्र कल्याणा धोबी ने अपने पैतृक मकान के लिए आवासीय पट्टे हेतु आवेदन किया।

शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी जगदीश मीना की देखरेख में, सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में तुरन्त प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत पट्टा तैयार कर जयनारायण को सौंपा गया। 30 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पट्टा मिलने पर जयनारायण और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के तहत 82 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। जयनारायण ने कहा, हमें अब विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### पलभर में दूर हो रही हैं परेशानियां

सेवा शिविरों ने यह साबित किया है कि जब प्रशासन लोगों के द्वार तक पहुँचता है, तो वर्षों पुरानी परेशानियाँ भी पल में दूर हो सकती हैं और आमजन के चेहरे पर मुस्कान लौट सकती है।

## हर ग्रामीण की समस्या को संवेदनशीलता से सुनें और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें :डॉ. सोनी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भरतपुर संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने शुक्रवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया के साथ पंचायत समिति सवाई माधोपुर के ग्राम पंचायत चकेरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी और कर्मचारी जनसेवा को अपना दायित्व मानकर कार्य करें। डॉ. सोनी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर के दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 82 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। वहीं पालनहार योजना अन्तर्गत 2 नवीन आवेदन का सत्यापन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 4 नवीन आवेदन स्वीकृत, विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने, ढीले तारो को कसवाने, विद्युत कनेक्शन जारी करने संबंधित 9 से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं राजस्व विभाग द्वारा 18 मूलनिवास एवं 24 जाति प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इस दौरान राजस्व विभाग ने नाम शुद्धि के 66, सहमति से विभाजन के 4 प्रकरण निपटाए, कृषि विभाग ने 150 मिनीकिट और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 22 पॉलिसियाँ वितरित की गई, विभिन्न विभागों द्वारा सैकड़ों आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया।

**सहालग वाले परिवारों में तैयारियों की हलचल शुरू**

# एक को जागेंगे श्रीहरि, पांच महीने बाद शुरू होंगे मांगलिक कार्य

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)** ।करीब पांच महीने से थमी शहनाइयों की गूंज अब फिर से बजने को तैयार है। 12 जून को गुरु अस्त होने और 6 जुलाई से चातुर्मास लगने से जिन शुभ कार्यों पर विराम लग गया था, वे अब 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी से पुनः प्रारंभ होंगे। 142 दिनों बाद फिर सहालग का मौसम गुलजार होगा। शहर के मैरिज गार्डन, होटल, डीजे-बैंड वालों और कैटरर्स की करीब एक साल पहले से ही बुकिंग हो चुकी है। इधर सहालग वाले परिवारों में तैयारियों की हलचल शुरू हो चुकी है। बाजारों में भी खरीदारी का दौर दिखने लगा है। मैरिज गार्डन संचालकों ने बताया कि शहर में करीब 50 मैरिज गार्डन हैं। नवंबर में 13 और दिसंबर में सिर्फ 3 विवाह मुहूर्त होने के बावजूद दोनों महीनों में शहर में करीब 500 से अधिक शादियां होने का अनुमान है।



### एक नवंबर को जमकर होंगी शादियां

1 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। बताया जाता है कि इस दिन मांगलिक कार्यों की शुरुआत होते ही जमकर शादियां होंगी। केटरर्स खुशी जैन ने बताया, अब पांच महीने बाद फिर से सहालग सीजन की शुरुआत होने जा रही है। पहले दिन 1 नवंबर को ही काफी बुङ्क्षकग हैं।

### 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास

15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास होने की वजह से विवाह नहीं हो सकेंगे। विवाह मुहूर्त 15 दिसंबर से 4 फरवरी तक भी नहीं होंगे। शुक्र ग्रह के उदित होने के बाद 5 फरवरी से मुहूर्त की शुरुआत होगी।

### ये रहेंगे विवाह मुहूर्त

**नवंबर :** 2, 3, 5 (कार्तिक पूर्णिमा), 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30।

**दिसंबर :** 4, 5 और 6 दिसंबर

### ब्राइडल गोल्ड ज्वेलरी पैकेज 40 ग्राम से शुरू

गौरतलब है कि इन दिनों सोना-चांदी के दाम रिकार्ड स्तर पर जा पहुंचे हैं। दोनों कीमती धातुओं के दामों में दिवाली के बाद थोड़ी कमी आई है। ऐसे में बाजार में सहालग सीजन की खरीदारी का दौर जारी है। एक सराफा कारोबारी ने बताया कि सोना और चांदी के दामों में थोड़ा करेक्शन आया है, आगे जाकर इनके दामों के रिकॉर्ड और भी ध्वस्त हो सकते हैं। गहने खरीदारी और निवेश के लिए यही बेहतर समय है।एक अनुमान के मुताबिक वैसे जिन घरों में शादियां हैं उन्होंने दिवाली से पहले ही खरीदारी शुरू कर दी थी। सराफा व्यवसायियों के अनुसार शादी के लिए ब्राइडल गोल्ड ज्वेलरी पैकेज 40 ग्राम से शुरू हैं। इसमें गले का सेट, कान के टॉप्स, अंगूठी और दो चूड़ी पांच लाख रूपए में उपलब्ध हैं। दाम बढने पर कम वजनी ज्वेलरी खरीदी जा रही है।

## राज्यमंत्री ने कहा, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाएं

### कृष्णगंज ग्रामीण सेवा शिविर में वितरित किए दस्तावेज



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** कृष्णगंज में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी का मुख्य आतिथ्य रहा। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में त्वरित कार्यवाही करें। शिविर में पांच पट्टा वितरण, आठ मंगला पशु बीमा, दो गोद भराई, विवाह पंजीयन, जन्म-मृत्यु पंजीयन, पेंशन सत्यापन आदि कार्य किए गए। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी, विकास अधिकारी मंछाराम, प्रशासक सरूदेवी देवासी, तहसीलदार जगदीशकुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आचार्य अमर सिंह कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** आचार्य अमर सिंह कौशल विकास केंद्र का आज श्री देवेंद्र धाम प्रांगण में शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन शिक्षाविद बाल किशन सोनी एवं श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी वीरेंद्र डांगी ने किया। इस अवसर पर संचालकर्ता ने कहा कि आज के इस युग में अकाउंट्स मैनेजमेंट हर व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी है। उसी को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा कौशल विकास केंद्र में अकाउंट मैनेजमेट,टेली सॉफ्टवेयर एवं जीएसटी बेसिक आदि कोर्स सिखाए जाएंगे। यह केन्द्र चाहे नौकरी करने वाले हो या फिर व्यवसाय करने वाला व्यक्ति ये सभी वर्गों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

जो व्यक्ति अपने स्किल को इस कोर्स के माध्यम से आगे बढ़ेगा, वह निश्चित रूप से अपने जीवन में सफलता एक पायदान चढ़ेगा। युवा एवं महिलाओं के लिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए ये कौशल विकास केंद्र एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। ये केंद्र श्री देवेंद्र धाम परिसर के वाचनालय परिसर में स्थापित किया गया है। ट्रस्ट से गणेश लाल गोखरू ,मान सिंह रांका, विजय सिंह छाजेड़ ,प्रकाश वर्डिया ,प्रकाश झगड़ावत, सुरेश बडाला,राकेश वर्डिया, राजेंद्र लोढ़ा, मुकेश चैधरी , संगीता वर्डिया आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन हिम्मत सिंह मेहता द्वारा किया गया।

## जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रागपुरा मंडल के उपाध्यक्ष अमित बंसल के जन्मदिन पर शुक्रवार को दिनभर सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के भाव से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। भामाशाह एवं उद्योगपति संतोष बंसल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण अभियान, गौसेवा व सफाई अभियान चलाकर इस विशेष दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने गोपीनाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही गौशाला परिसर की सफाई कर गौवंश की सेवा की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता अमित बंसल की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वयं अमित बंसल ने भी इस अवसर पर गौमाता को हरा चारा, गुड़ व दलिया खिलाकर सेवा भाव प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि जीव सेवा और वृक्षारोपण ही सच्ची पूजा है। जन्मदिन जैसे अवसर समाजहित में कुछ करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री मिंटू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज शर्मा, जितेंद्र सिंह, नरेश स्वामी, छोटूराम सैन, प्रवीण बंसल, अखिल बंसल, उमेश कुमावत, नितिन बंसल, मुजीफ खान, वसीम खान, पप्पू स्वामी, आर्यन बंसल, सुभाष कुमावत, प्रिंस बंसल, अमन पाराशर, कृष्ण यादव, कमलेश सैनी, कपिल पारीक, मुकेश सोनी, निक्कू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, महिला एवं युवतियों ने फिट रहने का संकल्प लिया



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय माय भारत राजसमंद के निर्देशन पर स्वामी विवेकानंद युवा मंडल स्वच्छ केलवा हरित केलवा की ओर से युवतियों एवं महिलाओं की 100 द्व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन नवल श्याम गो शाला केलवा में किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केलवा प्रशाक्षक सरपंच सुमन साहू रहे । महिला वर्ग में प्रथम राधा रैगर,द्वितीय शोभा पालीवाल एवं तृतीय प्रीति साहू एवं छात्रा वर्ग में प्रथम जमना कालबेलिया द्वितीय मनीषा पुरोहित एवं तृतीय मनीषा सोनी रहे । विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिलाएं युवतीयां स्वयं फिट रहे एवं अपने परिवार को फिट रखें।इस दौरान युवा मंडल अध्यक्ष लालू राम सिंधल सुनील साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति महात्मा कार्यक्रम संयोजक प्रीति साहू सहसंयोजक शिवानी सोनी मनीषा पुरोहित मनीषा सोनी जमुना कालबेलिया सुनीता खटीक आदि युवा मंडल के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### जब जनता की सुनवाई ही नहीं हो रही तो शिविर किस काम के

# भारजा में ग्रामीण सेवा शिविर का बहिष्कार कर जताया विरोध

### प्रस्तावित खनन परियोजना निरस्त करने की मांग कर रहे ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित खनन परियोजना को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने ग्रामीण सेवा शिविर का बहिष्कार किया। शिविर बहिष्कार के जरिए ग्रामीणों ने सरकार को साफ चेतावनी दी है कि जनता की सुनवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद इस आदिवासी क्षेत्र में खनन परियोजना को निरस्त नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

पिण्डवाड़ा उपखंड क्षेत्र के भारजा गांव में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया, लेकिन ग्रामीणों ने बहिष्कार रते हुए शिविर में भाग नहीं लिया। शिविर स्थल के सामने एकत्र हुए ग्रामीणों ने प्रस्तावित खनन परियोजना का विरोध जताया। वहीं, शिविर प्रभारी जितेन्द्रसिंह राणावत को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि परियोजना को रद्द नहीं किए जाने तक विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा।



सिरोही. भारजा में विरोध के कारण ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान खाली पड़ा पांडाल।



सिरोही. भारजा में विरोध-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण।

**आदिवासी क्षेत्र के लिए घातक है यह परियोजना** : उल्लेखनीय है कि पिण्डवाड़ा क्षेत्र के भारजा,भीमाना, वाटेरा और रोहिड़ा क्षेत्र की लगभग 800.9935 हेक्टेयर भूमि पर मै.कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड को चूना पत्थर खनन परियोजना प्रस्तावित की जा रही है। क्षेत्रवासी करीब डेढ़ माह से लगातार आंदोलनरत हैं तथा इस परियोजना को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी क्षेत्र के लिए यह परियोजना घातक साबित होगी। जल-जंगल व जमीन को उजड़ने से बचाने के लिए परियोजना निरस्त करना आवश्यक है।

**निरस्त नहीं होने पर तेज करेंगे आंदोलन** : ग्रामीणों ने शिविर प्रभारी जितेन्द्रसिंह राणावत को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग रखी कि खनन परियोजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। यह आंदोलन अब केवल एक गांव का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का जनआंदोलन बन चुका है।

ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में खनन से पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ेगा व पेयजल संकट गहराने का अंदेशा है। चेतावनी दी कि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान भारजा ग्राम पंचायत के प्रशासक पुखराज प्रजापत समेत कई लोग मौजूद रहे।

#### जब तक मांगें नहीं मानेंगे तब तक सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार

ग्रामीणों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए पिण्डवाड़ा उपखंड अधिकारी नरेंद्र जांगिड़ भी समझाइश के लिए शिविर स्थल पर पहुंचे। ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। साथ ही इस खनन परियोजना को क्षेत्र के पर्यावरण और जनजीवन के लिए घातक बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि खनन परियोजना शुरू होने पर उनकी कृषि भूमि, जल स्रोत व आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उनकी मांगों को नहीं माने जाने तक वे किसी भी सरकारी शिविर या कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे।

### भारत माता की जय और लालचंद अमर रहें के जयघोष से गुंजायमान हुआ प्रागपुरा

## सीआरपीएफ हैड कांस्टेबल लालचंद यादव को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

### असिस्टेंट कमांडर साजिल कुमार व इंस्पेक्टर श्योराम मीणा ने किया राष्ट्रीय ध्वज समर्पण

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राष्ट्रभक्ति और शौर्य की मिसाल बने सीआरपीएफ हैड कांस्टेबल लालचंद यादव को शुक्रवार को उनके पैतृक गांव ढाणी माधोवाली, प्रागपुरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पूरे कस्बे में गमगीन माहौल के बीच राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे पार्थिव शरीर को जब लाया गया, तो भारत माता की जय और लालचंद यादव अमर रहें के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शहीद लालचंद यादव के पुत्र राकेश यादव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने पूर्ण सम्मान के साथ शहीद को सलामी दी। असिस्टेंट कमांडर साजिल कुमार और इंस्पेक्टर श्योराम मीणा ने शहीद के पुत्र राकेश यादव को राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक समर्पित किया। वहीं, प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह मय जाप्ता मौके पर मौजूद रहकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्थाएं संभालीं। गांव व कस्बे के सैकड़ों लोग इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मुख्य मार्गों से तिरंगा यात्रा एवं ग्रामवासियों द्वारा डीजे से वाहन रैली निकाली गई, जो जवान के देशप्रेम और समर्पण की गाथा बयां कर रही थी। जवान को अंतिम विदाई देने के लिए पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, पावटा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजय सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता ओ.पी. बायला, भाजपा नेता आशीष धनकड़, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पार्षद प्रतिनिधि कैलाश गोठवाल, निर्मल पंसारी, लाला राम जाजिम, हनुमान गोठवाल, अशोक मुलोदिया, जी.एल. यादव, भरत मल यादव, हरीद्वारी लाल स्वामी, सुरेश यादव, उमेश कुमावत, दौलत सैनी, शहीद लुहार, जेपी यादव, राजेंद्र यादव समेत अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि शहीद लालचंद यादव वर्तमान में दिल्ली में सीआरपीएफ हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। वे पिछले करीब पांच माह से कैंसर से जूझ रहे थे और महात्मा गांधी हॉस्पिटल, सीतापुरा जयपुर में उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार, 23 अक्टूबर को लीवर फेल होने से उनका निधन हो गया।

लालचंद यादव चार भाइयों में तीसरे थे। उनके पिता स्व. अमीलाल यादव, जिन्होंने अपने बेटे को देश सेवा के लिए प्रेरित किया था और वे किसान थे। शहीद की माता स्व. नारायणी देवी का भी डेढ़ माह पूर्व निधन हो चुका है। शहीद अपने पीछे पत्नी कमला देवी, पुत्र राकेश यादव और पुत्री मोना यादव को छोड़ गए हैं। उनकी मृत्यु से न केवल परिजन बल्कि पूरा प्रागपुरा कस्बा और पूरा जिला शोकाकुल है।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मासखमण समारोह में की शिरकत

### कार्यालय में आमजन से की स्नेह भेंट, सुनी समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ आज राजसमंद प्रवास पर रहीं। उन्होंने सर्वप्रथम प्रज्ञा विहार, राजसमंद में आयोजित अणुव्रत दिवस एवं तपस्विनी मधु पगारिया के मासखमण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शासन मुनि सुरेश कुमार के सान्निध्य में आचार्य तुलसी का 112वां जन्मदिवस मनाया गया।

मुनि श्री सुरेश कुमार ने कहा कि आचार्य तुलसी महान स्वप्नदृष्टा थे, जिन्होंने समाज में नव्यता और संतुलन दोनों को साधा। सदियों तक यह सृष्टि उनकी स्मृति करती रहेगी। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि जो भी दायित्व मिले, उसे निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही सच्ची साधना है। सत्य के मार्ग पर चलने से संघर्ष भी सफलता में बदल जाता है। आचार्य तुलसी ने समाज की प्रगति के लिए अपना जीवन समर्पित किया, इसलिए वे सदा स्मरणीय रहेंगे।

समारोह में तेरापंथ सभा अध्यक्ष लाभचंद बोहरा, राष्ट्रीय महामंत्री जगजीवन चोरड़िया, मेवाड़ कॉन्फ्रेंस कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र चोरड़िया, ते.यू.प अध्यक्ष गौतम कोठारी, महिला मंडल अध्यक्षा मनीषा कच्छारा, टी.पी. एफ अध्यक्ष दिव्यांश चव्हाण सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।इसके पश्चात सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ राजसमंद कलेक्ट्रेट स्थित सांसद कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देने आए नागरिकों से आत्मीय भेंट की और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर संवाद किया।

## पोदावली की सड़क माइनिंग ट्रकों से बनी परेशानी का सबब

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** ग्राम पंचायत आत्मा के अंतर्गत आने वाले पोदावली गांव की मुख्य सड़क बदहाली का शिकार बनी हुई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं। आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं से बाल-बाल बचते नजर आते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क माइनिंग क्षेत्र से होकर गुजरती है, जहां से रोजाना दर्जनों ट्रेलर व भारी ट्रक निकलते हैं। इन वाहनों के अत्यधिक दबाव से सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है।

## गबन के आरोपी एसबीआई बैंक के कैशियर की जमानत खारिज:हाईकोर्ट ने कहा-आर्थिक अपराध को सामान्य अपराधों से अलग नजरिए से देखना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मेहंदीपुर बालाजी स्थित एसबीआई शाखा में करोड़ों रुपए के सिक्कों के घोटाले के मुख्य आरोपी और तत्कालीन कैश ऑफिसर राजेश कुमार मीणा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

जस्टिस अनिल कुमार उपमन की अदालत ने जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा-आर्थिक अपराधों को सामान्य अपराधों से अलग नजरिए से देखा जाना चाहिए, क्योंकि इनका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और समाज के कल्याण पर पड़ता है। ऐसे अपराधी केवल अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए जनता के धन का दुरुपयोग करते हैं। जिससे समाज के कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**चार साल की फरारी के बाद हुई थी गिरफ्तारी** : इस मामले में सीबीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जगमोहन सक्सेना ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया और बार-बार समन भेजे जाने पर भी पेश नहीं हुआ। आरोपी ने गबन की गई राशि अपने और अपने परिवार के बैंक खातों में ट्रांसफर की और बड़ी मात्रा में यह रकम जुए में भी खर्च की। गवाहों के बयान और बैंक खातों की जांच से यह बात सामने आई है।

**मामले में झूठा फंसाया गया** : वहीं, आरोपी राजेश मीणा की ओर से कहा गया कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी है, इसलिए आगे की हिरासत जरूरी नहीं है। सक्षम प्राधिकारी से अभियोजन स्वीकृति भी नहीं मिली हैं। इससे ट्रायल भी शुरू नहीं हो सका हैं। मामले में सह-आरोपियों की गिरफ्तारी के बिना ही चार्जशीट पेश की गई है। ऐसे मे उसे जमानत दी जाए।

#### सिक्कों से किया था करोड़ों का घोटाला

सीबीआई के अनुसार मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए सिक्कों को एसबीआई शाखा में जमा कराया जाता था। बैंक प्रबंधन ने इन सिक्कों की गिनती के लिए एक निजी फर्म को टेंडर दिया था। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार शाखा में 13 करोड़ 62 लाख 11 हजार 275 रुपए के सिक्के दर्ज थे। लेकिन गिनती में सिर्फ 1 करोड़ 39 लाख 60 हजार रुपए के ही सिक्के पाए गए। इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने इसे 365 करोड़ रुपये का घोटाला बताया है। राजेश मीणा बीते चार वर्षों से फरार चल रहा था। उसे 9 अप्रैल 2025 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि आरोप ने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट से प्राप्त दान राशि में गड़बड़ी करते हुए नोटों की रकम को सिक्कों के रूप में दर्शाकर गबन किया।

### राजस्थान पेट्रो जोन पचपदरा में भूखण्डों की आवंटन प्रक्रिया प्रारंभ

## राजस्थान रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों से लगेंगे नये उद्योग

बढ़ता राजस्थान

### राजस्थान अब बनेगा पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अग्रणी राज्य

**जयपुर (का.स.)।** पचपदरा (बालोतरा) में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही रिफाइनरी में शीघ्र ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने जा रहा है। इस वजह से रिफाइनरी के निकट रीको द्वारा स्थापित राजस्थान पेट्रो जोन (आरपीजेड) में भी उद्यमियों का रूझान बढ़ रहा है क्योंकि रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों का उपयोग आरपीजेड में लगने वाले उद्योगों में ही कच्चे माल के रूप में हो सकेगा। इसके मद्देनजर आरपीजेड में भूखण्ड आवंटन के लिये उद्यमी रीको से लगातार संपर्क कर रहे हैं।

रीको ने भी आरपीजेड एरिया में भूखण्डों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी कड़ी में प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के तहत पॉलिमर-आधारित उद्योगों के लिये 11 भूखण्डों के ऑफर लेटर भी जारी कर दिये गये हैं जिससे लगभग 65 करोड़ रूपये का निवेश होगा। इसके अतिरिक्त 25 अन्य उद्यमियों ने भी राजस्थान सरकार के साथ राइजिंग राजस्थान के तहत पेट्रोकेमिकल एवं प्लास्टिक उद्योग लगाने हेतु एमओयू निष्पादित किये हैं। इन एमओयू से राज्य में करीब 200 करोड़ रूपये का निवेश होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। राजस्थान का क्रूड ऑयल तथा नेचुरल गैस के उत्पादन में देश में प्रमुख स्थान है।

आरपीजेड में लगने वाले पेट्रोकेमिकल एवं प्लास्टिक उद्योगों से राजस्थान अब इस क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनने जा रहा है।

ऐसे उद्यमी जिनके पास पेट्रोकेमिकल एवं केमिकल्स में टेक्निकल योग्यता तो है परंतु पूंजी की उपलब्धता नहीं है, उनके लिये रीको आरपीजेड में ही प्लग एवं प्ले फैक्ट्री शेड भी बना रहा है जिससे इस तरह के तकनीकी उद्यमी अपना उद्योग शुरू कर सकें। रीको ऐसे करीब 8 प्लग एवं प्ले फैक्ट्री शेड्स का आरपीजेड में निर्माण कर रहा है। एक शेड की कीमत करीब 3 करोड़ रूपये है। इन उद्योगों के लिये फीडस्टॉक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राजस्थान पेट्रो जोन रिफाइनरी से मात्र 12 किमी की दूरी पर स्थित है तथा अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग 25 से जुड़ा हुआ है। इस परियोजना से प्लास्टिक व पॉलिमर प्रोसेसिंग, रबड़ व पीयू मैन्युफैक्चरिंग, टेक्निकल टैक्सटाइल, रसायनिक एवं फार्मास्यूटिकल जैसे उद्योगों के जरिये राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। यह सभी उद्योग प्रोपलीन, बेंजीन, टोल्यून और ब्यूटाडाइन जैसे फीडस्टॉक का उपयोग करेंगे। पेट्रो जोन के पहले चरण में रुरुष्ठक्कश्व और ।ष्ठक्कश्व जैसे कच्चे माल पर आधारित डाउनस्ट्रीम उद्योगों की स्थापना पर विशेष ध्यान रहेगा।

# पुजारी को 5 साल की सजा, पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** 21 अप्रैल 2020 को एक 5 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुजारी सुरेश कुमार मिश्रा को पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए विशेष अदालत ने उसे 5 साल की सजा और 18,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, बालिका अपनी सास के साथ रोजाना की तरह मंदिर गई थी, जहां पूजा के बाद पुजारी ने बच्ची को प्रसाद देते समय उसके साथ अवैध हरकत की। इसके बाद जब बालिका अपने घर आई, तो उसने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। उसने कहा कि पुजारी ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी, जिसके चलते वह दोबारा मंदिर जाने के लिए बेहद डरी हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान, सुरेश कुमार मिश्रा के खिलाफ विकृत दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध साबित हुए। पीड़ित पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने 12 गवाहों और 12 दस्तावेजों के माध्यम से अदालत में सबूत पेश किए।

मामले की गंभीरता और दोषियों की कारवाई को ध्यान में रखते हुए माननीय न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने सुरेश कुमार मिश्रा को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। यह सजा समाज में ऐसे अपराधों के प्रति सख्त संदेश देने का कार्य करेगी। इस फैसले के बाद समाज के विभिन्न वर्गों में संतोष की लहर है, जहां लोगों ने न्याय की इस प्रक्रिया को सराहा है। वहीं, यह घटना बच्चे एवं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीरता को और बढ़ाती है।

# श्री चन्द्रभागा (कार्तिक) मेले में 4 से 6 नवम्बर तक आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** श्री चन्द्रभागा (कार्तिक) मेला 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन अधिकारी सिराज कुरेशी ने बताया कि श्री चन्द्रभागा मेले में 4 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे शोभायात्रा द्वारकाधीश मन्दिर से चन्द्रभागा नदी तट तक, सायं 5.45 बजे महाआरती एवं दीपदान तथा सायं 7.30 बजे मेला ग्राउण्ड में हाड़ौती के लोक कलाकारों द्वारा ''एक शाम हाड़ौती के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 5 नवम्बर को प्रातः 8.30 बजे राजकीय संग्रहालय का भ्रमण कार्यक्रम, प्रातः 9 बजे गढ़ पैलेस से गागरोन किले तक बाईक रैली, दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक मेला ग्राउण्ड में विभिन्न प्रतियोगिताएं मूंछ, साफा बंधन, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, सायं 4 बजे झालावाड़ किसान शिरोमणी प्रतियोगिता, सायं 4.30 बजे स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता तथा सायं 7.30 बजे से मेला ग्राउण्ड स्टेज पर स्थानीय कलाकारों द्वारा ''रंगीलो झालावाड़'' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 6 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से मेला ग्राउण्ड में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताए रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर, रूमाल झपट्टा प्रतियोगिताएं, दोपहर 12 बजे राज्य होटल प्रबन्ध संस्थान झालरापाटन में झालावाड़ किचन क्वीन प्रतियोगिता तथा सायं 7.30 बजे से मेला ग्राउण्ड में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# डामरीकृत सड़के गड्ढों में हुई तब्दिल, अब एक करोड़ 78 लाख के होगें पेच वर्क

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(नि.स.)।** अतिवृष्टी के बाद डामरीकृत सड़को की हालत खराब है। अधिकांस सड़क से डामर गायब है। कही जगह सड़के गढ्ढो में तब्दिल हो गई है। हालात ऐसे बने हुए है,कि वाहन सड़क पर दौड़ते नहीं रेंगते हुए चलाना पड़ रहा है। एनएच 148डी से शहर को जोड़ने वाली सड़को पर तो बड़े बड़े गढ्ढे पड़े हुए है जिसमें कई मर्तबा एक्सीडेंट हो गये है। बारिस का सीजन समाप्त होते होते फेस्टिवल सीजन आ जाने से सड़को के रिपेयर का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पा रहा है। लोगो ने बताया कि दिन में खस्ताहाल सड़क को जैसे तैसे पार करके अपने गतंव्य स्थान तक पहॅुच जाते है,लेकिन रात्रि में खराब सड़क पर वाहन चलाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। फोर व्हीकल वालो ने बताया कि खस्ताहाल सड़क में जगह जगह गढ़ढे पड़े होने से गाड़ी को बार बार रोक कर सड़क पार करना पड़ रहा है।

नैनवां कस्बे के बटवाड़िया की टेक से केवट नगर हाईवे 148डी से लिंक रोड़ की हालत खराब होने से आये दिन दूर्घटनाएं होने लगी है। पूरी सड़क गढ़्ढ़ो में तब्दिल हो गई है। दिन में वाहनो के गुजरने के साथ धूल के बबंडर उड़ते है। रात्रि में वाहन गढ्ढो में फंस जाने से दूर्धटनाग्रस्त हो रहे है। इसी प्रकार पटवारियो की खोटी से बड़े तालाब की पाल तक अधूरी सड़क निर्माण भी लोगो के लिए मुसिबत बनी हुई है। हाईवे से बरड़ा के बालाजी रोड़ खस्ताहालत में है। स्टेट हाईवे 34 की हालत भी खराब है।

सानिवि के एक्सईन हरिराम मीणा ने बताया कि नैनवां क्षेत्र में 415.32 किमी डामरीकृत सड़क पर पेच वर्क के लिए फ्लड योजना में एक करोड़ 78 लाख का बजट स्वीकृत हुआ है। पेंच वर्क के लिए निविदाए प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। कई स्थानो पर पेच वर्क का कार्य भी शुरू कर दिया है। दीपोत्सव के बाद अब पेंच वर्क कार्य करवाये जायेगें। सम्बन्धित संवेदक के फर्म को कार्य आदेश देकर पेव वर्क कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

# डॉ.दीक्षान्त सोनी स्वर्णकार महासभा के प्रदेश प्रवक्ता बने

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा संस्था



राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरुप सोनी कडेल द्वारा जजावर निवासी डॉ.दीक्षान्त सोनी को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर यहां समाजबंधुओ सहित अन्य लोगो ने खुशी व्यक्त करते हुए कस्बे के युवा नेता एवं समाजसेवी दीक्षांत सोनी को बधाई देते हुए समाज के प्रदेशाध्यक्ष कडेल का आभार जताया है । महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप सोनी कड़ेल प्रदेशाध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र जारी करने के बाद इस संवाददाता को बताया कि डॉ सोनी ने जिला बूंदी में स्वर्णकार समाज के निमित्त कार्य करते हुए समाज को एकत्रीकरण करने का कार्य फरवरी माह से लगातार सुचारु कर रखा है। बूंदी जिले में विभिन्न प्रकार से समाज के कार्यक्रम आयोजित किए हैं चांदी-सोने के बढ़ते हुए भाव को लेकर एक विशेष अभियान डॉ.सोनी ने चला रखा है जो आज प्रदेश एवं केंद्र स्तरीय मुद्दा बन चुका हैं। उनके द्वारा समाज हित एवं सार्वजनिक क्षेत्र मे किए जा रहे सहयोग को देखते हुए महासभा ने उनको प्रदेश स्तरीय दायित्व सौंपा है।

# दर्दनाक हादसे के बाद हरकत में प्रशासन : मसूदा व शिवपुरा घाटों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, जांच टीम गठित

## सड़क सुरक्षा पर सख्त हुए कलेक्टर मीना बोले, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिले के मसूदा घाटे के समीप ग्राम पाखरियावास में गुरुवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया। ट्रेलर और टेंपो के बीच हुई इस भिड़ंत में एक ही परिवार के माता-पिता सहित दो मासूम पुत्रों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने तुरंत मोर्चा संभाला और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मसूदा व शिवपुरा घाटों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सड़क की ढाल, मोड़, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा इंतज़ामों का बारीकी से जायजा लिया।कलेक्टर मीना ने कहा सड़क सुरक्षा पर किसी भी तरह ... पुनरावृत्ति हर हाल में रोकनी होगी। उन्होंने सड़क के सुधारात्मक कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के आदेश दिए और कहा कि जहां खतरा अधिक है, वहां तुरंत चेतावनी संकेतक व ... मीना ने एक उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन किया है, जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार मसूदा, जिला परिवहन अधिकारी, और ... दिनों में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसमें दुर्घटना के कारणों के साथ-साथ सुरक्षा सुधारों की अनुशंसा की जाएगी। कलेक्टर मीना ने कहा सड़क सुरक्षा पर किसी भी तरह ... पर सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न हों।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, एडीएम ... उपस्थित रहे।मसूदा घाटे का यह हादसा न केवल एक परिवार को उजाड़ गया, बल्कि प्रशासन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश दे गया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिख विधायक कृपलानी ने किया आग्रह
# मूंगफली की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीद की मांग

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने



किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में किसानों की कृषि उपज मूंगफली को 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की है।

विधायक कृपलानी ने अपने पत्र में अवगत कराया है कि इस वर्ष निम्बाहेड़ा क्षेत्र में मूंगफली की बेहद अच्छी पैदावार हुई है। क्षेत्र के हजारों किसानों ने मेहनत और परिश्रम से यह फसल तैयार की है, लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा केवल 25 प्रतिशत मूंगफली खरीदने के आदेश दिए जाने के कारण शेष किसानों की उपज मंडियों में विक्रय से वंचित रह गई है।

उन्होंने बताया कि निम्बाहेड़ा उपखंड में अब तक लगभग 550 किसानों का ही पंजीयन मूंगफली खरीद के लिए हुआ है, जबकि निम्बाहेड़ा कृषि उपज मंडी को संभाग की सबसे बड़ी मंडी माना जाता है। ऐसे में किसानों की बड़ी संख्या अपने उत्पाद को बेचने में असमर्थ है।

विधायक कृपलानी ने बताया कि सरकार द्वारा मूंगफली खरीद हेतु बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल की बुकिंग बंद कर दी गई है, जिससे किसानों में भारी रोष और निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि किसानों ने पूरे परिश्रम से फसल तैयार की है, परंतु समर्थन मूल्य पर बिक्री का अवसर सीमित होने से उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया है कि किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मूंगफली की 100 प्रतिशत खरीद की स्वीकृति प्रदान की जाए तथा ऑनलाइन पोर्टल को पुनः खोला जाए, ताकि निम्बाहेड़ा सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के किसान अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेच सकें।

कृपलानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ऐसे में इस निर्णय से किसानों को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी और सरकार की कृषक हितैषी नीति को और मजबूती मिलेगी।

# मुआवजे की मांग पर फूटा आक्रोश, जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरने पर बैठे लोग

## टेंपो-ट्रेलर हादसे में मृतकों को न्याय दिलाने की गुहार, भीड़ उमड़ी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पाखारियावास घाटा पर हुई दर्दनाक टेंपो-ट्रेलर दुर्घटना में मृतकों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के बाहर आक्रोश फूट पड़ा। भाजपा नेता अभिषेक सिंह, निवर्तमान सभापति नरेश कनौजिया, वीरेंद्र सिंह रावत, रवि टॉक, निखिल पाल सिंह चौहान, शशिकांत और रोहित गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए।धरनार्थियों ने प्रशासन से मांग की कि मृतक परिवारों को शीघ्र और उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके। प्रदर्शन के दौरान धरनास्थल पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा और माहौल भावनात्मक बना रहा खबर लिखे जाने तक

# टोडापोल कब्रिस्तान में सूअरों का आतंक, अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदस्यों ने दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** कस्बे के टोड़ा पोल कब्रिस्तान में सुअरो द्वारा कब्रिस्तान को खोदने एंव कब्रो को नुकशान पहुॅचाये जाने से आक्रोसित अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियो एंव कार्यकर्ता उपखण्ड कार्यालय में ज्ञापन देने पहुॅचे, परन्तु उपखण्ड कार्यालय में कोई अधिकारी नही मिलने से अंजुमन कमेटी के कार्यकर्ता ने उपखण्ड कार्यालय परिसर में धरना देकर बैठ गए। आधे घंटे के बाद तहसीलदार रामराय मीणा ने ज्ञापन लिया।

अंजुमन इस्लाम कमेटी के कार्यकर्ता ने बताया कि नैनवां में सुअरो ने कब्रिस्तान जगह जगह से खोद डाला है। अब वे कब्रों को नुकसान पहुंचा रहे है। सुअर पालक नैनवां पालिका में कार्मिक है। उन्होने तीन दिनो के भीतर सुअरो को पाबंद किया जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर अमजद पठान, सुयक्त व्यापार विकास समिति के अध्यक्ष अनिल मितल,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष आबिद हुसैन, पार्षद नबील अंसारी, सलीम पठान,जावेद आलम,साजिद शेरा सहित कई लोग मौजूद रहे। ज्ञापन के बाद तहसीलदार ने पालिका अधिशाषी अधिकारी से वार्ता करके शीघ्र ही सुअरो की समस्या का समाधान किया जाने के लिए कहा गया।

# कैदखाने की दीवारों में गूंजी दीवाली की रौशनी,श्रीजी ग्रुप ने कैदी भाईयों संग मनाई भावनाओं से भरी दीपावली

## 'दीवाली सबके लिए अभियान के तहत जेल में पहुंचा मानवता का संदेश — राधा-कृष्ण भजनों से महका कारागार परिसर

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** जायंट्स ग्रुप ऑफ श्रीजी ने अपने 'दीवाली सबके लिए अभियान के तहत इस बार दीपोत्सव का एक अनोखा उदाहरण पेश किया। संस्था के सदस्य जिला कारागार पहुंचे और कैदी भाईयों के साथ स्नेह मिलन मनाकर मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल कायम की।

संस्था अध्यक्ष जानवी भारवानी ने बताया कि श्रीजी ग्रुप हर वर्ष दीवाली को समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा कार्यों के रूप में मनाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग के नरेश झवर के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिन्होंने अपने मधुर राधा-कृष्ण भजनों से पूरा जेल परिसर भक्ति रस से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम में जेल अधीक्षक स्वरूप सिंह चारण का शॉल और माला से सम्मान किया गया।

संस्था के सदस्यों ने जेल स्टाफ के सहयोग की सराहना की और जेल प्रशासन की व्यवस्था को काबिले तारीफ बताया।सचिव महेंद्र छाजेड़ ने बताया कि श्रीजी ग्रुप की ओर से कैदी भाइयों के लिए मिठाई और अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी।

दीवाली और भाई दूज के अवसर पर जब कैदी भाइयों ने श्रीजी ग्रुप के सदस्यों से मुलाकात की, तो कई भावुक हो उठे।इस अवसर पर संस्था के सदस्य सुरेश रांका, जे.पी. शर्मा, दमयंती जयपाल, रेखा शर्मा, रमेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दीवाली की यह पहल न केवल दीपों की रौशनी बल्कि मानवता की उजली किरणें भी लेकर आई।

## त्योहारी सीजन में रेल प्रशासन अलर्ट, कोटा मंडल में लागू हुई व्यापक व्यवस्थाएं

# कोटा मंडल में विशेष ट्रेनें, वॉर रूम और 24x7 निगरानी प्रणाली सक्रिय

## 85 होमगार्ड जवानों की तैनाती और वॉर रूम चौबीसों घंटे सक्रिय

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा दीपावली एवं आगामी छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं। त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए मंडल द्वारा नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त चार विशेष रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सोगरिया-दानापुर, सोगरिया-बरौनी एवं सोगरिया-हिसार विशेष गाड़ियाँ प्रमुख हैं। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को भीड़भाड़ की स्थिति में भी सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य, परिचालन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न स्टेशनों पर तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, 85 होमगार्ड जवानों को भी कोटा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर नियुक्त किया गया है। विशेष रूप से कोटा स्टेशन पर बेरिकेटिंग, प्रतीक्षालय क्षेत्रों का निर्धारण एवं निरंतर उद्घोषणा जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मंडल



रेल प्रबंधक कार्यालय में एक वॉर रूम स्थापित किया गया है जो चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर यात्रियों की सहायता कर रहा है। सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से विशेष ट्रेनों एवं सीटों की उपलब्धता की जानकारी भी लगातार साझा की जा रही है।

मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के नेतृत्व में एक समग्र योजना पर अमल किया जा रहा है, जिसके तहत सभी प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से लागू हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि 19 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 के बीच दीपावली के अवसर पर कोटा तथा सवाई माधोपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। साथ ही, 8 नवम्बर तक चलने वाली विशेष ट्रेनों के कारण भी यात्री संख्या में इजाफा हो रहा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मंडल ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी और अब सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया है।

कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण एवं यात्री सुविधा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सभी प्रवेश एवं निकास द्वारों पर टिकट जांच कर्मियों और रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती बढ़ाई गई है। भीड़भाड़ वाले दिनों में अतिरिक्त टिकट खिड़कियां संचालित की जा रही हैं तथा प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग क्षेत्र एवं स्वच्छालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। आरपीएफ की सहायता से स्टेशन परिसरों में बेरिकेटिंग की गई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष तथा वॉर रूम लगातार सक्रिय हैं। यात्री आवाजाही पर सतत नजर रखने और त्वरित कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

## खाटूश्याम रवाना हुई श्याम भक्तों की पदयात्रा 16 दिन की यात्रा के बाद पहुंचेगी खाटू धाम

### श्री खाटू श्याम सेवा समिति का चौथा आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर से खाटू श्याम धाम के लिए दर्जनों पैदल यात्रियों का जत्था शुक्रवार को रवाना हुआ। यह यात्रा शहर के भारद्वाज मार्केट स्थित खाटू श्याम आश्रम से खाटूश्याम कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्रशेखर पचौरी के नेतृत्व में निकली। शहरवासियों ने हारे के सहारे के जयकारे लगाकर यात्रा का स्वागत किया। यह खाटूश्याम कमेटी द्वारा आयोजित चौथी पदयात्रा है।

खाटू श्याम कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्रशेखर पचौरी ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष बाड़ी से खाटू श्याम धाम जाती है। इस बार यह चौथी बार आयोजित की जा रही है, जिसमें भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिल रही है। यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

यह निशान यात्रा लगभग 16 दिन का सफर तय कर खाटू श्याम धाम पहुंचेगी। पदयात्री करीब 450 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यात्रा सरमथुरा, करौली, गंगापुर, लालसोट, दौसा, बस्सी, जयपुर और रींगस होते हुए आगे बढ़ेगी। चंद्रशेखर पचौरी ने बताया कि यह पदयात्रा सबसे पहले सरमथुरा कस्बे पहुंचेगी,जहां से कुछ और खाटू नरेश के भक्त इसमें शामिल होंगे।

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय जगह-जगह खाटू श्याम भक्तों द्वारा पदयात्रा का स्वागत किया गया। इस पदयात्रा में वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्रशेखर पचौरी के साथ राजकुमार दिघर्रा, शिवशंकर दिघर्रा,रवि तमोली,हरीबाबू गॉड,राहुल तिवारी,छोटू परमार,शुभम गोयल,ऋषि दीघर्रा, अशोक दिघर्रा,गोविंद शर्मा,जितेंद्र दिघर्रा,शुभम दिघर्रा, राहुल तमोली,पंकज अग्रवाल,ऋषभ शर्मा,मुकेश शर्मा, आकाश बंसल और विजय बोलेरो शास्त्री सहित कई अन्य भक्त शामिल हैं।

## हल्की सर्दी की शुरूआत... तिब्बती रिफ्यूजी लहासा मार्केट में ऊनी कपड़ों की खरीद शुरू




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** भारत तिब्बत संघ की ओर से तिब्बती लहासा मार्केट का शुभारंभ स्थानीय भार्गव वाटिका परिसर सरीन पेट्रोल पंप के सामने जीटी रोड गुलाब बाग चौराहे के पास किया गया।

महंत हनुमानदास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस). विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ वी डी व्यास, विशेष आमंत्रित अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार रजनी शर्मा एवं दुष्यन्त शर्मा प्रांत महामंत्री भारत तिब्बत संघ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम शर्मा राष्ट्रीय स्वयं सेवक विभाग प्रौढ़ प्रमुख एवं संरक्षक भारत तिब्बत संघ धौलपुर ने की आगंतुक अतिथि तिब्बती मार्केट प्रधान ताशी बांगडू रहे। संचालन हेमंत सिकरवार ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मार्केट का फीता काट कर एवं भारत माता एवं तिब्बती आध्यात्मिक गुरु परम पावन दलाई लामा के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर किया गया। भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार रोली अक्षत का तिलक लगाकर तिब्बती परिधान ख़तक पुष्पमाला पहना कर अभिनंदन किया गया। महंत हनुमानदास के आशीर्वचनों से सभी तिब्बती व्यापारियों को उन्नत व्यापार की शुभकामनाएं दी गई।

प्रांत महामंत्री दुष्यन्त शर्मा ने संगठन का परिचय देते हुए कहा कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति भारत की सुरक्षा और तिब्बत की आजादी को लेकर भारत तिब्बत संघ राष्ट्रीय महामंत्री सौरभ सारस्वत के निर्देशन में पूरे देश भर में पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ और अंत में जलपान की व्यवस्था तिब्बती मार्केट व्यापारियों द्वारा की गई तिब्बती व्यंजनों से अल्पाहार का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में यदुनाथ शर्मा, राकेश शर्मा, मुकेश सिकरवार दादा, वीरेंद्र उपाध्याय, रामदत्त श्रोतिय, राजेंद्र अग्रवाल, गोविंद गर्ग, राजेश पाठक, वीनू पांडे, वीनस गर्ग, रमा त्रिवेदी, राधा सक्सेना, क्षितिज, सहित कई प्रमुख जन मौजूद रहे।

## राजाखेड़ा में दहेज प्रताडऩा में पति-ननद गिरफ्तारः आरोपी पति ने हिरासत से भागने का किया प्रयास, धान के खेतों से दोबारा पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा (राजू शर्मा)।** राजाखेड़ा थाना पुलिस ने दहेज प्रताडऩा के एक मामले में पीडिता के पति रविंद्र कुमार और ननद सविता को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति रविंद्र ने पुलिस हिरासत से भागने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे दो घंटे की मशक्कत के बाद दोबारा पकड़ लिया। दोनों पर शादी के बाद से पीडिता को दहेज के लिए प्रताडित करने और मारपीट का आरोप है।

थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि पीडिता ने 8 सितंबर 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीडिता के अनुसार, उसकी शादी 18 अप्रैल 2018 को आगरा निवासी रविंद्र कुमार से हुई थी। शादी में नकदी, सोने-चांदी के जेवर और घरेलू सामान दिया गया था, लेकिन रविंद्र, उसके पिता बाबूलाल, सास मुनीदेवी और ननद सविता इससे संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने 5 लाख रुपए और फॉर व्हीलर की मांग की।

मांग पूरी न होने पर पीडिता के साथ मारपीट की गई, उसे भोजन नहीं दिया गया और शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताडित किया गया। उसे लाठी-डंडों से मारकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीडिता के पास इस घटना का एक वीडियो भी मौजूद है, जो मारपीट की पुष्टि करता है।

पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान रविंद्र कुमार को तलब किया गया, लेकिन वो हाजिर नहीं हुआ। पुलिस को पता चला कि वह नई दिल्ली के कपासहेडा टोल प्लाजा पर नौकरी करता है। एक टीम ने वहां से रविंद्र को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद वापसी के दौरान पलवल के एक ढाबे पर रविंद्र ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे धान के खेतों से पकड़ लिया।

इसके बाद ननद सविता को भी पिनाहट से गिरफ्तार किया गया। पुलिस फिलहाल मामले में आगे की जांच कर रही है।

### सेवा पर्व पखवाड़ा शिविरो में पट्टे मिलने से लाभार्थियों के चेहरे खिले

# स्वामित्व योजना के तहत मिला मालिकाना हक, लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार जताया

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को डीग जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में वर्षों से अपने पैतृक आवासों के मालिकाना हक के लिए प्रयासरत ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करते हुए उन्हें मौके पर ही पट्टे जारी किए गए।

जिले के डीग, कामां और कुम्हेर उपखण्डों में आयोजित शिविरों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पट्टे जारी करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। डीग उपखण्ड की ग्राम पंचायत गढ़ी मेवात में आयोजित शिविर में लाभार्थी जिया उल हक पुत्र मजीद और हेतराम पुत्र गोविन्द को उनके पैतृक आवासों के पट्टे प्रदान किए गए। इसी प्रकार, कामां उपखण्ड की ग्राम पंचायत पल्ला में भगवान सिंह पुत्र सुक्की और लखन सिंह पुत्र मूलाराम को उनके पुश्तैनी मकानों के पट्टे सुपुर्द किए गए। ग्राम पंचायत कनवाड़ा में भी रामधन पुत्र हरकिशन एवं शिवराम पुत्र गिर्राज को शिविर के दौरान ही स्वामित्व योजना के पट्टे जारी किए गए।



पट्टा प्राप्त कर लाभार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गढ़ी मेवात के लाभार्थी जिया उल हक ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से पट्टे के लिए प्रयासरत थे, लेकिन आज शिविर में अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताने पर शिविर प्रभारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत ने उन्हें मौके पर ही पट्टा प्रदान कर दिया। उसने कहा कि अब मैं इस पट्टे के आधार पर बैंक से ऋण प्राप्त कर अपने बच्चों का अच्छे से पालन-पोषण कर सकूँगा।

इसी प्रकार कनवाड़ा के लाभार्थी शिवराम ने बताया कि मालिकाना हक का कोई भी दस्तावेज न होने के कारण उन्हें और उनके परिवार को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज शिविर की बदौलत पट्टा मिलने से यह चिंता हमेशा के लिए दूर हो गई। सभी लाभार्थियों ने इन शिविरों को आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए मुख्यमंत्री एवं स्थानीय प्रशासन का हृदय से आभार जताया है।

इन शिविरों में केवल राजस्व संबंधी कार्य ही नहीं, बल्कि अन्य विभागों की सेवाओं का भी तत्काल लाभ दिया गया। कुम्हेर उपखण्ड की ग्राम पंचायत उसरानी में आयोजित शिविर में लाभार्थी हंसराज पुत्र तोताराम के विवाह पंजीयन का कार्य मौके पर ही किया गया। हंसराज ने बताया कि वह काफी समय से इसके लिए प्रयासरत था। उसने सरकार का धन्यवाद देते हुए इस प्रकार के शिविरों को आमजन के लिए बेहद फायदेमंद बताया।

## लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### सदर पुलिस ने लूटा गया मोबाईल, ईयर वर्ड, स्मार्ट वाच और रूपये भी किये बरामद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने 4 दिन पहले हुई लूट की वारदात को लेकर दो आरोपियों को बसेड़ी के सांगोरी गांव के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाशों ने बस स्टैंड पर खड़े एक यात्री को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर लूट की थी। जिसका मामला सदर थाने में पीडित यात्री द्वारा दर्ज कराया गया था।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के साथ अवैध हथियारों को लेकर जिलेभर में धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है साथ में मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। 19 अक्टूबर की रात बाड़ी शहर के बस स्टैंड के पास से तोर दानियाल गांव निवासी पीडित यात्री मनोज कुमार पुत्र विजय सिंह जाटव जो किसी काम के सिलसिले में किशनगढ़ जाने के लिए निकला था। उसे बाइक पर आये दो लोगो ने लिफ्ट देने के बहाने बिठा लिया और सनोरा गांव के पास जंगल में ले जाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पीडित मनोज जाटव से उसका एंड्राइड मोबाइल, कानों के एयरवर्ड,एक स्मार्ट वॉच और 1500 रुपये की नगदी जबरन छीनकर मारपीट कर मौके से भाग गए।

बाद में पीडित ने आकर सदर थाने में रिपोर्ट दी। जिसका मामला 309(6) बीएनएस में दर्ज कर वारदात करने वाले आरोपियों की तलाश की गई।



जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी रामसहाय पुत्र भोगीराम गुर्जर और देवेंद्र पुत्र परमाल सिंह गुर्जर निवासी सांगोरी थाना बसेड़ी को उनके गांव के पास से गिरफ्तार किया है। जिनसे लूट के माल की बरामदगी की गई है। वारदात में प्रयुक्त बाइक को भी जप्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में थाने के एएसआई कम्पोटर सिंह,हेड कांस्टेबल हल्केराम, कांस्टेबल राहुल, लोकेंद्र का विशेष सहयोग रहा है।

## शहर में सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित तीन घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** दीपावली की दौज की रात शहर के सैपऊ रोड और सरमथुरा रोड पर दो अलग-अलग सडक़ हादसे सामने आए हैं। दोनों सडक़ हादसों में बाइकों की आमने-सामने भिडंत हुई है। जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में से महिला की हालत गंभीर होने पर बाड़ी से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

पहले सडक़ दुर्घटना सैपऊ रोड बस स्टैंड के पास हुई। जहां दो बाईकों की भिड़न्त में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। घायल पति राहुल पुत्र देवीसिंह कंडेरा निवासी कुर्रेन्दा ने बताया कि वह अपनी पत्नी गुंजन को भाई दूज पर उसके पीहर ले गया था। जहां से शाम को वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाड़ी के सैपऊ रोड बस स्टैंड पहुंचा,सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में गुंजन और राहुल दोनों घायल हो गए। जिनको लोगो के सहयोग से अस्पताल पहुचाया गया। चिकित्सको ने गुंजन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

## लुक्का गैंग का इनामी बदमाश तहसीलदार गिरफ्तार

### देसी कट्टा और कारतूस बरामद, राजस्थान-मध्यप्रदेश से 40 हजार का इनाम था घोषित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर पुलिस ने लुक्का गैंग के सक्रिय सदस्य और 40 हजार रुपए के इनामी बदमाश तहसीला उर्फ तहसीलदार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर डीएसटी और निहालगंज थाना पुलिस ने की।

डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल चरनसिंह को शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का गैंग का सदस्य तहसीला उर्फ तहसीलदार ओंडेला रोड पर प्रकाश कॉलेज के आगे खाली प्लॉटों के पास खड़ा है।

सूचना मिलते ही डीएसटी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसिंह के नेतृत्व में डीएसटी टीम और निहालगंज थाने से हेड कॉन्स्टेबल अवधेश, कॉन्स्टेबल रोशन सिंह व चीपूसिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने 30 वर्षीय तहसीला उर्फ तहसीलदार पुत्र सोनेराम गुर्जर निवासी देवकापुरा, मौरोली, थाना कोतवाली धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ धौलपुर जिले और मध्य प्रदेश के सरायछोला मुरैना, तिघरा ग्वालियर, सेसईपुरा श्योपुर थानों में लूट, अपहरण, हत्या के प्रयास, फिरौती और पुलिस मुठभेड़ जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। तहसीला उर्फ तहसीलदार पर राजस्थान और मध्य प्रदेश से कुल 40,000 रुपए का इनाम घोषित था।

इसमें धौलपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा 20,000 रुपए, ग्वालियर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 रुपए, मुरैना पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपए और श्योपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपए का इनाम शामिल था।

इस गिरफ्तारी में डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल चरनसिंह, गजेंद्र सिंह और ललित किशोर की विशेष भूमिका रही।

## बसेड़ी में अग्रवाल समाज अधिवेशन की तैयारी में जुटाः घर-घर जाकर दिए निमंत्रण और पीले चावल, 26 अक्टूबर को सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अग्रवाल धर्मशाला बसेड़ी में अग्रवाल समाज इकाई की विशेष बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता समाज अध्यक्ष हरिओम गर्ग ने की। बैठक में 26 अक्टूबर को बाड़ी में होने वाले महा अग्र अधिवेशन सम्मेलन और दीपावली मिलन समारोह की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

एकता, संगठन पर दिया जोर

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बसेड़ी अग्रवाल समाज का प्रत्येक परिवार अपने सदस्यों सहित अधिवेशन में भाग लेगा। इसका उद्देश्य समाज की एकता, संगठन और संस्कृति को पूरे जिले में प्रदर्शित करना है। अधिवेशन की तैयारी और व्यवस्थाओं के लिए उपस्थित गणमान्य नागरिकों, महिला वर्ग और युवा वर्ग को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। 26 अक्टूबर को शम्भू रिसोर्ट बाड़ी में होने वाले सम्मेलन में पहुंचने के लिए वाहन व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

आमंत्रण पत्र और पीले चावल बांटे



सभी सदस्यों को यह जिम्मेदारी भी दी गई कि वे प्रत्येक घर में पोस्टर आमंत्रण पत्र के साथ पीले चावल देकर अधिवेशन में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित करें। बैठक में बताया गया कि अधिवेशन के साथ दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित होगा, जिससे समाज में पारस्परिक सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होगी। अध्यक्ष हरिओम गर्ग ने कहा कि बाड़ी में होने वाला यह अग्र अधिवेशन सम्मेलन समाज की एकता, संस्कार और सेवा भावना का सशक्त उदाहरण बनेगा। बैठक के बाद कार्यकारिणी सदस्यों, युवा और महिला वर्ग ने घर-घर जाकर पोस्टर आमंत्रण पत्र और पीले चावल देकर परिवारों को अधिवेशन में शामिल होने का निमंत्रण देना शुरू कर दिया।

**ये लोग रहे मौजूद :** बैठक में समाज अध्यक्ष हरिओम गर्ग, महामंत्री मुन्नालाल मित्तल, बृजेश गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम अग्रवाल, मित्र मंडल अध्यक्ष अंकुर बंसल, फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष विजय गोयल, महिला मंडल महामंत्री नीलम गोयल, कोषाध्यक्ष संगीता गर्ग, भावना गोयल सहित संजय अग्रवाल, दीपक गर्ग, हैप्पी गोयल, जीतेन्द्र उर्फ लाला, सचिन जिंदल और अन्य लोग मौजूद रहे।

### जियो प्लेटफॉर्म की इक्विटी वैल्यू 148 अरब डॉलर होगी-आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज

# भारती एयरटेल का टारगेट प्राइस भी 1960 रु से बढ़ाकर 2400 रु किया

## अगले वर्ष की पहली छमाही में जियो का आईपीओ आने की है उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई।** देश के नामी दलाल घर आईसीआईसीआई प्रतिभूति ने सितंबर-27 में जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड की इक्विटी मूल्य को बढ़ाकर 148 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 13,000 अरब रुपए) कर दिया है। हाल में जारी रिपोर्ट में दलाली कंपनी ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2025 से 2028 के बीच जियो प्लेटफॉर्म का परिचालन लाभ (ईबीआईटीडीए) और कर पश्चात लाभ (पीएटी) औसत वार्षिक दर से 18 से 21 प्रतिशत की गति से बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2028 तक कंपनी का मुक्त नकद प्रवाह (फ्री कैश फ्लो) भी बढक़र 558 अरब रुपए होने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही आईसीआईसीआई प्रतिभूति ने स्पेक्ट्रम की कीमतों में कमी की संभावना जताई है, जिसका सीधा लाभ जियो प्लेटफॉर्म को मिलेगा।

पिछले माह एक अन्य दलाली फर्म जे पी मॉर्गन ने जियो प्लेटफॉर्म का इक्विटी मूल्यांकन 136 अरब डॉलर (करीब 11,936 अरब रुपए) बताया था। आईसीआईसीआई प्रतिभूति ने अपने पिछले अनुमान से **12 अरब डॉलर (करीब 1,050 अरब रुपए) अधिक का आकलन पेश किया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रिलायंस की वार्षिक आम बैठक में मुकेश




अंबानी ने वर्ष 2026 की पहली छमाही में जियो का सार्वजनिक निर्गम लाने की घोषणा की थी। ऐसे में जियो की इक्विटी मूल्य में वृद्धि, निवेशकों की उत्सुकता को और बढ़ा सकती है।

दलाली फर्म ने भारती एयरटेल को भी 'खरीद' की श्रेणी में अपग्रेड किया है। अपने संशोधित मूल्यांकन में कंपनी ने भारती एयरटेल का लक्ष्य मूल्य 1960 से बढ़ाकर 2400 कर दिया है। बेहतर वित्तीय ढांचे और बढ़ती व्यापारिक संभावनाओं को इसकी वजह बताया गया है।

आईसीआईसीआई प्रतिभूति का कहना है कि जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड नए कारोबार जैसे कि सामग्री, संग्रहण , डिजिटल उद्यम समाधान , सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए प्रबंधित सेवाएँ और रिलायंस इंटेलिजेंस द्वारा संचालित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तैनाती को भी आगे बढ़ा रहा है। ये नए क्षेत्र, मध्यम अवधि में कंपनी के लिए और अधिक मूल्य निर्माण कर सकते हैं। कंपनी ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2025 से 2028 के बीच, जियो प्लेटफॉर्म के गैर-संयोजक व्यवसाय की वृद्धि दर 46.7 प्रतिशत रहेगी।

दलाली फर्म का कहना है कि जियो प्लेटफॉर्म ने जिस तरह 5जी नेटवर्क का प्रसार किया है और 6जी के पेटेंट हासिल किए हैं, उसका बड़ा लाभ कंपनी को मिलेगा। वर्तमान में 5जी बाजार में जियो की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट में आईसीआईसीआई प्रतिभूति ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों के मूल्यांकन में सुधार के कई कारण बताए हैं — जिनमें बेहतर व्यापार संरचना, मजबूत वित्तीय स्थिति, कारोबार में 5जी की बढ़त और डाउनग्रेड की कम संभावना प्रमुख हैं। दूरसंचार कंपनियाँ अब स्थायी ब्रॉडबैंड, मूल्य संवर्धित सेवाएँ , साथ ही उद्यम सेवा जैसे डेटा केंद्र , सॉफ्टवेयर-सेवा और प्रबंधित सेवाओं जैसे उत्पादों को भी बढ़ा रही हैं।

## गिव अप अभियान के तहत 31 अक्टूबर तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

### अपात्र व्यक्तियों से वसूली जाएगी गेहूं की 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलो के हिसाब से राशि

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 अक्टूबर तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों के विरूद्घ विशेष अभियान चलाकर योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसेलाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/ जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल ीजजचेरूध्िवकण्तंरेंजींदण्हव अण्पद पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। इस सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीण महिलाएं निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के लिए 29 तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी ) के निदेशक श्री जे.पी मीणा ने बताया कि ग्रामीण इलाकों से आने वाली महिलाओं के लिए सिलाई का 31 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 29 अक्टूबर से प्रतापबास सामुदायिक भवन केशन नगर स्कीम नं. 13 स्थित पीएनबी आरसेटी में शुरू किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अतः ग्रामीण क्षेत्र की इच्छुक महिला प्रशिक्षण हेतु संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकती है, आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के टेलीफोन नंबर-0144-2940830, 9413908044 व 9462194801 पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 45 वर्ष होनी आवश्यक हैं, शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास होना एवं अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव के स्थाई निवासी होने के साथ स्वयं सहायता समूह, बीपीएल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं आवेदन कर सकती है।

## अवैध खनन निगरानी एवं नार्को कोर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति तथा जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन समिति की बैठक का आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने निर्देशित किया कि अंतर विभागीय समन्वय से संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध खनन व निर्गमन की रोकथाम हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर भी गश्ती दलों द्वारा सघन जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं नार्को कोआर्डिनेशन समिति की बैठक में उन्होंने निर्देश दिए की जिले को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मानस नारकोटिक्स कंट्रोल हेल्पलाइन-1933 का व्यापक स्तर प्रचार प्रसार किया जाए। जिस पर किसी भी व्यक्ति द्वारा नारकोटिक्स से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए की मेडिकल स्टोर का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने एनडीपीएस के तहत की गई कार्यवाही के बारे में वस्तु स्थिति जानकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री काम्बले शरण गोपीनाथ, खनि अभियन्ता श्री मनोज कुमार शर्मा, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक वन संरक्षक सरिस्का श्री अंकुश जिन्दल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायत समिति क्षेत्र की 8 पंचायतों में होगा ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर पंचायत समिति क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन 25 अक्टूब से 1 नवंबर 2025तक आयोजन होगा। जिन ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन होगा वे इस प्रकार हैं। 25 अक्टूबर को गिरूड़ी एवं इंद्राडा के लिए पंचायत भवन में,30 अक्टूबर को भूपसेडा एवं मौठुका के लिए पंचायत भवन में एवं 31 अक्टूबर को बालावास के लिए पंचायत भवन में,01 नवंबर को रसनाली एवं खोहरी के लिए पंचायत भवन में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जाएगें।

## अलवर सांसद खेल उत्सव तैयारी को लेकर बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** अलवर सांसद खेल उत्सव की तैयारी को लेकर आज दोपहर 2.45 बजे प्रताप स्टेडियम राजगढ़ में बैठक आयोजित होगी। बैठक में भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, सांसद प्रतिनिधि सहित नगरपालिका अध्यक्ष, भाजपा मण्डल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने दी।

### अलवर में हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश

# बलात्कार के झूठे केस की धमकी देकर 30 लाख ऐंठे, महिला सहित 3 आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिले की शिवाजी पार्क पुलिस ने अपहरण कर अश्लील वीडियो-फोटो बना बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 30 लाख रुपए की मांग करने के आरोप में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि बुधवार 22 अक्टूबर को महिला आरोपी शहरुना ने एक परिवादी को इलाज के बहाने अपने निवास पर बुलाया। परिवादी जैसे ही आरटीओ ऑफिस के पास महिला के बताए पते पर पहुंचा, वह एक जाल में फंस गया। महिला के साथ मिलकर, वसीम खान उर्फ मूसा और प्रियांशु चौधरी उर्फ गोधू ने परिवादी को जबरन बंधक बना लिया। कमरे में आते ही आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और परिवादी के कपड़े फाड़ दिए। अंडरवियर में खड़ा कर महिला के साथ उसकी आपत्ति जनक फोटो और वीडियो बना लिए गए। इस कृत्य के बाद आरोपियों ने ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू किया। उन्होंने धमकी दी कि यदि उन्हें 30 लाख नहीं दिए गए तो बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाकर बर्बाद कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने परिवादी का सामान और कुछ पैसे भी छीन पडिसल की तरफ रोड पर फेंक गए।



### 12 घंटे के भीतर गिरफ्त में शातिर अपराधी, पुलिस से बचने सिर मुंडवाया

मामले की सूचना मिलते ही अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाधिकारी शिवाजी विनोद सामरिया और थानाधिकारी विजय मंदिर भरतलाल के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीमों ने आसूचना और तकनीकी मदद से मात्र 12 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस टीम जब आरोपी प्रियांशु उर्फ गोधू को पकड़ने गई तो पता चला कि उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए अपना सिर गंजा करवा लिया था। पुलिस ने मामले में आरोपी वसीम खान उर्फ मूसा मेव (18) निवासी विजय मन्दिर, प्रियांशु चौधरी उर्फ गोधू (21) निवासी एनईबी और महिला आरोपी शहरुना (33) को गिरफ्तार किया हैं। महिला ने दो शादियां की हुई है। मुख्य आरोपी प्रियांशु चौधरी उर्फ गोधू का आपराधिक रिकॉर्ड बेहद लंबा है, जिसके खिलाफ पहले से ही कई थानों में मारपीट, धमकी और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एंड्रॉइड मोबाइल और परिवादी का सोने का लॉकेट भी बरामद किया है।

# फायरिंग कर मंथली वसूली करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 की अब भी तलाश

### महिला के वेश में छिपे थे दो आरोपी घाघरा और लूगड़ी पहनकर छुपा रहे थे पहचान

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना बानसूर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए घासीनगर में गत 17अक्टूबर 2025को फायरिंग कर दहशत का माहौल बनाकर मंथली मांगने वाले 4आरोपियों में से 2 गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज उफ़र् मोनू पुत्र प्रकाश यादव आयु 25साल निवासी खोहरी व धर्मपाल उफ़र् डीपी पुत्र सुरजन यादव आयु 28साल निवासी खोहरी थाना बासदयाल को गिरफ्तार किया गया है।

वृतांधिकारी दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि 17अक्टूबर की घटना को गंभीरता से लेते हुए कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के आदेशानुसार बानसूर थानाधिकारी किरणसिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने आईटी सैल और मुखवीरों तथा टीम में समलित सदस्यों के सहयोग से कामयाबी हासिल की। चौहान ने बताया कि आरोपी जो सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे थे उनकी पहचान की गई। उसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में नामजद 2आरोपियों को दस्तयाब कर उनका बाजार में जुलुस निकाला गया।गिरफ्तार आरोपीयों ने पुलिस के डर से महिलाओं के वस्त्र पहनकर अपनी पहचान छुपा रहे थे। जिन्हे महिलाओं के वस्त्र पहने हुए ही इंद्राण्डा की पहाड़ियों से गिरफ्तार कर जुलुस निकाला गया। जो बानसूर वृत्त क्षेत्र पुलिस की बड़ी कार्यवाहीयों में समलित हो गई है।

वहीं वृतांधिकारी दशरथ सिंह ने बताया कि प्रकरण हाजा में शेष आरोपियों भूपेन्द्र राजपूत व रिंकू मीणा की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि 17अक्टूबर को घासीनगर निवासी डेयरी संचालक कालूराम स्वामी ने परिवाद थाना बानसूर में दिया था।

टीम में बानसूर थानाधिकारी किरण सिंह यादव, नारायणपुर थाना के एएसआई कृष्ण कुमार, हरसौरा थाना के हैडकांस्टेबल रामकुमार, कोटपूतली बहरोड़ जिले की साईबल सैल के हैडकांस्टेबल संदीप,बानसूर वृत्त कार्यालय के कांस्टेबल गोपेश कुमार, बासदयाल थाना के कांस्टेबल शंकर, बानसूर थाना के कांस्टेबल अमित कुमार, रविन्द्र कुमार व बानसूर वृत्त कार्यालय के कांस्टेबल सुमित शामिल रहे।

### हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## घर में घुसकर मारपीट मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर वृत्त क्षेत्र थाना हरसौरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए घर में घुसकर मारपीट में समलित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि 14सितम्बर 2025को परिवादी संजय स्वामी पुत्र पप्पू राम स्वामी निवासी उखलेड़ा थाना हरसौरा ने परिवाद दर्ज करवाया था कि राहुल पुत्र खन्ना आयु 22साल निवासी उखलेड़ा, कर्मवीर सूद व दशरथ मांडली एक साथ बाईक पर सवार होकर आए जिन्होंने मेरे साथ घर में घुसकर मारपीट की। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के आदेशानुसार एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए कर्मवीर पुत्र देवकरण उफ़र् पप्पू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है। टीम में हरसौरा थानाधिकारी प्रकाश सिंह,सहायक उपनिरीक्षक राजवीर सिंह,कांस्टेबल अमरचन्द व सुरेन्द्र सिंह शामिल रहे।उल्लेखनीय है कि एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है ।



# आत्ममंथन की ज्योति से आलोकित निरंकारी संत समागम की तैयारियां समापन की ओर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राज पिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा ( हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश- विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे इसी क्रम में अलवर जिले से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन समागम में सम्मिलित होगे और सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।श्रद्धा समर्पण, के साथ हजारों श्रद्धालु जन अपने- अपने क्षेत्र से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन-रात सेवाओं में रत है, जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारी की ओर अग्रसर है।



यह समागम केवल धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं है अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है जो ब्रह्म ज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है यहां श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता विश्व बंधुत्व और आपसी सोहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन आत्म मंथन की एक दिव्य भूमि है, जहां प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन मन में झांकने, आत्म चिंतन करने और आत्मिक चेतना को जगत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह संपूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का आनंद करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था वह अब संतों की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक दिव्य शामियानो की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है विशाल पंडालो में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मुंबई के श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वारा अपनी कलात्मक भव्यता के साथ समागम के आध्यात्मिक रूपरेखा का प्रतिबिंब बनकर उभरा है यह द्वारा ने केवल सौंदर्य का प्रतीक है बल्कि समर्पण, सेवा और सज्जनशीलता का संजीव उदाहरण भी है । इस पावन संत समागम में हर सज्जन महात्मा एवं श्रद्धालु भक्त का सादर आमंत्रण है। आइए इस आत्मिक मिलन और भक्ति के महा समागम का हिस्सा बने, सद्गुरु के दिव्य दर्शन करें, उनके अमृतमय प्रवचनों का लाभ प्राप्त करें और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की इस अनुपम यात्रा में सहभागी बनकर जीवन को धन्य करें।

## 25 अक्टूबर को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 25 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 25 अक्टूबर को अलवर की ग्राम पंचायत साहोडी एवं बख्तपुरा के उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने, उपखण्ड क्षेत्र कठूमर की ग्राम पंचायत नूरपुर व बडोदाकान के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, राजगढ की ग्राम पंचायत बिरकडी के सामुदायिक भवन में, उपखण्ड क्षेत्र रामगढ की ग्राम पंचायत मुबारिकपुर व डाबरी के लिए अटल सेवा केंद्र, लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत बुटियाना के लिए अटल जनसुनवाई केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।

### मुख्यमंत्री के नाम कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# महात्मा ज्योतिबा फूले आयोग को करें क्रियाशील-सैनी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र स्थित सैनी सभा संस्था भवन में सैनी समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी ने की।बैठक में जिले भर से आए सैनी समाज प्रबुद्धजनों ने सर्वसहमति से एक प्रस्ताव पारित किया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में गठित महात्मा ज्योतिबा फुले आयोग को क्रियाशील करवाया जाए। जिसमें सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।




जिले भर से आए सैनी समाज प्रबुद्धजनों ने रैली के रूप में नगर परिषद के मुख्य बाजार के रास्तों से गुजरते हुए जिला कलेक्टर के कार्यालय पहुँचे। जहाँ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, फुले ब्रिगेड के अध्यक्ष रामसिंह सैनी, कोटपूतली नगर परिषद की सभापति पुष्पा सैनी,सैनी सभा संस्था अध्यक्ष रामसिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष फूलचंद सैनी, बीड़दी चन्द सैनी, विराटनगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी, राजू सरपंच, देशराज सैनी,नारायणपुर अध्यक्ष पप्पू प्रधान, बानसूर अध्यक्ष निरंजनलाल सैनी, विजय सैनी, ताराचंद सैनी, रोहिताश सैनी, मादाराम सैनी, मुकेश सैनी नेताजी, राजाराम सैनी, विजय कुमार सैनी,नानगराम सैनी नारेहड़ा,मुकेश सैनी मण्डी अध्यक्ष, विवाह समिति के अध्यक्ष रामकुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, सचिव योगेश सैनी, उपाध्यक्ष उदय तोंदवाल, पार्षद प्रमोद सैनी, कृष्णकुमार कारोड़िया, सुन्दर लाल सैनी, सचिव एडवोकेट विजय कुमार सैनी,राजेश सैनी, ज्ञानप्रकाश सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, धर्मवीर उपाध्यक्ष, हजारीलाल सैनी, ख्यालीराम सैनी, राजकुमार सैनी,सुनील सैनी, विजय कुमार सैनी गुरूजी, जगदीश सैनी, अशोक सैनी, झब्बूराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, श्यामलाल सैनी, मनोहर लाल सैनी,बीरबल सैनी, दिनेश सैनी, सोनू सैनी, मेहरचन्द सैनी, बनवारीलाल सैनी, सुगनचन्द सैनी, देशराज सैनी, सुरेश सैनी,ललित सैनी, रोशनलाल सैनी, पूर्व पार्षद बाबूलाल सैनी, बनवारीलाल सैनी, प्रीतम सैनी, जगदीश सैनी, कमल सैनी, रमन सैनी,पवन सैनी, रामेश्वर सैनी, शिम्भू दयाल सैनी, आदि स्थानों के सैनी समाज के लोग काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन राकेश सैनी के द्वारा किया गया। सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने उपस्थित समाज बन्धुओं का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# 7 मैच में एक भी जीत नहीं... पाकिस्तान की टीम का दर्दनाक वर्ल्ड कप खत्म, श्रीलंका के खिलाफ आखिरी मैच पर बवाल क्यों?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका की टीम के खिलाफ पाकिस्तान का आखिरी मैच बारिश के चलते धुल गया। जिसके चलते पाकिस्तान की टीम एक भी मैच जीते बिना टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

बारिश ने एक बार फिर श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच आईसीसी महिला वर्ल्ड कप का मैच धो डाला जिससे पाकिस्तान टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल किए बिना बाहर हो गया। यह कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में इस टूर्नामेंट का पांचवां मैच था जो बारिश की वजह से रद्द हुआ जिससे आयोजकों की योजना पर सवाल उठ रहे हैं।

शुक्रवार को कोलंबो में हो रही लगातार बारिश के कारण श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला मैच रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही थी और 4.2 ओवरों में 18 रन पर बिना किसी नुकसान के खेल रही थी तभी बारिश आ गई। यह इस टूर्नामेंट में आर प्रेमदासा स्टेडियम में 11 मैचों में से पांचवां मैच था जो बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। इससे आयोजकों की योजना पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




### श्रीलंका की टीम की उम्मीदें भी टूट गईं

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि इस समय इस क्षेत्र में उत्तर-पूर्वी मानसून सक्रिय रहता है। इसके बावजूद आयोजकों ने इस शेड्यूल के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया जिससे टीमें और दर्शक मौसम की मार झेलने को मजबूर हुए। मैचों के रद्द होने से श्रीलंका के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी झटका लगा। मेजबान टीम 8 टीमों के टेबल में पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने पांच अंक हासिल किए, जिसमें एक जीत, तीन हार और तीन मैच बारिश के कारण रद्द हुए।

## पाकिस्तान को जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को ही दिखाया आईना

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि वैश्विक निकाय का कामकाज 'अवरुद्ध' हो गया है। भारत ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकवादी संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बचाने संबंधी पाकिस्तान के प्रयासों का हवाला देते हुए यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक रणनीति के नाम पर आतंकवाद के पीड़ितों और गुनाहगारों की तुलना करने वालों की भी आलोचना की। उन्होंने यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में तौलने की प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हुए की, खासकर हाल में हुए आतंकवादी हमले के संदर्भ में। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र में 'सब कुछ ठीक नहीं है' क्योंकि संयुक्त राष्ट्र में होने वाली बहसें अब बहुत ज्यादा बंटी हुई हैं।

### यूनाइटेड स्टेट्स के साथ चल रही ट्रेड डील की बातचीत के बारे में कही

# भारत जल्दबाजी में कोई ट्रेड डील साइन नहीं करेगा': पीयूष गोयल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य और व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में कोई भी ट्रेड डील साइन नहीं करेगा। उन्होंने यह बात भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत के बारे में कही और यह भी साफ किया कि भारत किसी दूसरे देश की मर्जी के हिसाब से अपने ट्रेड पार्टनर नहीं चुनेगा। बर्लिन में संबोधन के दौरान गोयल ने यह बात कही है। गोयल ने आगे कहा कि भारत ट्रेड डील को लंबे समय की पार्टनरशिप के तौर पर देखना चाहता है जो आपसी भरोसे पर आधारित हो।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने जर्मनी में आयोजित बर्लिन संवाद में कहा, "हम यूरोपीय संघ (EU) के साथ एक्टिव बातचीत कर रहे हैं। हम US से भी बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में कोई डील नहीं करते और न ही हम किसी डेडलाइन या दबाव में कोई डील करते हैं।" वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री इस संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बर्लिन में हैं।



### नए बाजार की तलाश में भारत

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी जल्दबाजी या उकसावे में आकर कोई निर्णय नहीं लेता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका में लगाए गए हाई टैरिफ से निपटने के लिए नए बाजारों की तलाश कर रहा है।

### रूस से तेल खरीद पर गोयल ने दिया बयान

गोयल ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि भारत ने कभी भी राष्ट्रीय हित के अलावा किसी अन्य आधार पर यह निर्णय लिया है कि उसके मित्र कौन होंगे... और यदि कोई मुझसे कहता है कि आप यूरोपीय संघ के मित्र नहीं हो सकते, तो मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा या कोई कल मुझसे कहता है कि मैं केन्या के साथ काम नहीं कर सकता, यह स्वीकार्य नहीं है।" ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिका भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का दबाव बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले एक हफ्ते में कई बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करने के लिए राजी है।

# भारत-चीन रिश्तों की नई उड़ान, 9 नवंबर से शंघाई-नई दिल्ली के बीच डायरेक्ट फ्लाइट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क फिर से शुरू होने जा रहा है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस 9 नवंबर से शंघाई और नई दिल्ली के बीच राउंड-ट्रिप उड़ानें शुरू करेगी। यह फैसला दोनों देशों के बीच रिश्तों में सामान्य स्थिति लाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

एयरलाइन ने बताया कि शंघाई और दिल्ली के बीच फ्लाइट हर बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। शंघाई के पुडोंग एयरपोर्ट से दोपहर 12.50 बजे उड़ान भरेगी और शाम 5.45 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेगी।

वापसी की उड़ान दिल्ली से रात 7.55 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 4.10 बजे शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पहुंचेगी। इस रूट की टिकट बिक्री भी शुरू कर दी गई है। बता दें, दोनों देशों ने पांच साल बाद सीधी उड़ानें बहाल करने का निर्णय लिया था।



यह फैसला अगस्त में तियानजिन में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद हुआ था। उधार, इंडिगो एयरलाइंस ने भी 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांगझू के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने का एलान किया है। इसके अलावा, दिल्ली-ग्वांगझू रूट पर भी इंडिगो जल्द ही उड़ान शुरू करने की तैयारी में है।

## भारतीय नौसेना को मिला पहला पनडुब्बी रोधी 'माहे' युद्धपोत,

बढ़ता राजस्थान

**कोच्चि (एजेंसी)।** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) 'माहे' गुरुवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। यह आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी की श्रृंखला का पहला पोत है। सीएसएल के अनुसार, स्वीकृति पत्र पर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के निदेशक (संचालन) डा. एस. हरिकृष्णन और माहे के कमांडिंग ऑफिसर (नामित) कमांडर अमित चंद्र चौबे ने हस्ताक्षर किए। सीएसएल के बयान में कहा गया है कि 78 मीटर लंबा यह पोत डीजल इंजन-वाटरजेट संयोजन से संचालित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय नौसैनिक युद्धपोत है। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।



## सीरीज गंवा चुकी टीम इंडिया के सामने अब क्लीन स्वीप का डर, कब, कहां और कैसे देखें आखिरी मुकाबला?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया को पिछले दो वनडे मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार मिली है. अब भारतीय टीम को क्लीन स्वीप का डर सता रहा है. उसे क्लीन स्वीप से बचने के लिए सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी. 3 वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2-0 से आगे हैं. अब टीम इंडिया आखिरी मुकाबला जीतकर अपने दर्द को कुछ कम करना चाहेगी. वनडे सीरीज पहले ही गंवा चुकी भारतीय टीम सिडनी में अपना सम्मान बचाने के लिए उतरेगी. 25 अक्टूबर को होने वाले इस मुकाबले में टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे से प्रदर्शन की उम्मीद उनकी टीम कर रही होगी, क्योंकि पर्थ और एडिलेड में खेले गए मैच में वो बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए. इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल भी दोनों मैचों में बुरी तरह से फ्लॉप रहे हैं. रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने दूसरे वनडे मैच में फिफ्टी ठोकी थी. उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद टीम कर रही होगी. उधर, मिचेल मार्श की अगुवाई में ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे वनडे मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी।



## इंदौर में 'कार्बाइड गन' प्रतिबंधित, इस देशी बंदूक के साथ रील बनाने पर भी रोक

बढ़ता राजस्थान

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के जिला प्रशासन ने कैल्शियम कार्बाइड से चलने वाली देशी बंदूक के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को इस खतरनाक खिलौने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने एक अलग आदेश जारी करके कार्बाइड गन के साथ रील बनाने और इसे सोशल मीडिया पर डालने पर भी पाबंदी लगा दी है।

जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा,''अवैध तौर पर तैयार कार्बाइड गन से आम जन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लिहाजा इसका निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन और इसे चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।'' शहर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया,''पुलिस ने न केवल कार्बाइड गन की खरीद-फरोख्त और इसके इस्तेमाल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, बल्कि इस बंदूक के साथ रील बनाने और ऐसी रील को सोशल मीडिया पर डालने पर भी कानूनी पाबंदी लगा दी है।'' उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने इस आशय का प्रतिबंधात्मक जारी करके शहर के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# 'करदाताओं के साथ अच्छे से पेश आएं जीएसटी अफसर', वित्त मंत्री सीतारमण ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी अधिकारियों को करदाताओं से साथ विनम्र और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहा। सीतारमण ने कहा कि शिकायतों के त्वरित समाधान और रजिस्ट्रेशन मंजूरी की प्रक्रिया तेज करने के लिए तकनीक का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए।

उन्होंने क्षेत्रीय इकाइयों से व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने अधिकारियों को व्यापारियों के साथ संवाद सुधारने की सलाह देते हुए कहा कि आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, सिर्फ हवा की पतली परत है। आप समझ सकते हैं कि दिक्कत कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाया जाए।



सीबीआईसी अधिकारियों के विरुद्ध किसी भी कार्यवाही को समय से पूरा करें ।जियाबाद में सीजीएसटी भावन के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों के विरुद्ध किसी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ईमानदार करदाताओं के साथ व्यवहार में विनम्रता और सहानुभूति बरती जाए, ताकि कर प्रणाली के प्रति उनका भरोसा मजबूत हो। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नरमी किसी भी तरह कानून-प्रवर्तन में समझौता नहीं होनी चाहिए।सीतारमण ने कहा का अगली पीढ़ी का जीएसटी सिर्फ दरों और सरलता तक सीमित नहीं है, बल्कि करदाताओं को अलग अनुभव मिलना चाहिए। ईमानदार करदाताओं का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन गलत काम करने वालों के खिलाफ निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। सभी पर शक की नजर न रखें।

अधूरे पड़े जीएसटी मामलों का जल्द निपाटन करें

साथ ही वित्त मंत्री ने अधूरे पड़े जीएसटी जांच मामलों को भी जल्द और ठोस साक्ष्यों के आधार पर निपटाने को कहा, ताकि अनावश्यक मुकदमेबाजी कम हो और प्रणाली में पारदर्शिता बढ़े।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार